श्रवाण माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 181 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 26 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

देश को मिला पहला आदिवासी राष्ट्रपति

देश की 15वीं राष्ट्रपति बनीं द्रौपदी मुर्मू, चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ, बोलीं- जोहार, नमस्कार... जनता का हित मेरे लिए सर्वोपरि

नई दिल्ली: द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति के तौर पर चीफ जस्टिस एनवी रमना ने शपथ दिलाई। वह देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। सुबह सवा 10 बजे द्रौपदी मुर्मू ने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ली। मुर्मू को 21 तोपों की सलामी दी गई। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य आदि समारोह में शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उधर, पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने देश की उपलब्धियों पर जोर दिया और आगे के रास्ते को लेकर एक भविष्यवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपना भाषण जोहार (आदिवासी इलाकों में जोहार का मतलब नमस्कार) कहकर शुरू किया।

शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण: "मैं जिस जगह से आती हूं, वहां प्रारंभिक शिक्षा भी सपना होता है। गरीब, पिछड़े मुझे अपना प्रतिबिंब दिखाते हैं। मैं भारत के युवाओं और महिलाओं को विश्वास दिलाती हूं कि इस पद पर काम करते हुए उनका हित मेरे लिए सर्वोपरि रहेगा। संसद में मेरी मौजूदगी भारतीयों की आशाओं और अधिकारों का प्रतीक है। मैं सभी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। आपका भरोसा और समर्थन मुझे नई जिम्मेदारी संभालने का बल दे रहा है। मैं पहली ऐसी राष्ट्रपति हूं जो आजाद भारत में जन्मी। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारतीयों से जो उम्मीदें लगाई थीं, उन्हें पूरा करने का मैं पूरा प्रयास करूंगी। राष्ट्रपति के पद तक पहुंचना मेरी निजी उपलब्धि नहीं है, यह देश के सभी गरीबों की उपलब्धि है। मेरा नॉमिनेशन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब न केवल सपने देख सकता है, बल्कि उन सपनों को पूरा भी कर सकता है।' इससे पहले मुर्मू राष्ट्रपति भवन पहुंचीं, यहां उन्होंने रामनाथ कोविंद और उनकी पत्नी से मुलाकात की। दोनों ने मुर्मू को बधाई दी। राष्ट्रपति भवन के लिए निकलने से पहले राजघाट पहुंचकर उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। मुर्मू के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में ओडिशा से 64 खास मेहमान आए थे। शपथ के बाद खास मेहमानों के लिए लंच का आयोजन राष्ट्रपति भवन में किया गया। उसके बाद सभी को पूरा भवन घुमाया गया।

रामविलास पासवान के बंगले में रहेंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

नई दिल्ली: द्रौपदी मुर्मू देश की नई राष्ट्रपति बन चुकी हैं। सोमवार को उन्होंने शपथ भी ग्रहण कर ली। इसके बाद रामनाथ कोविंद का कार्यकाल पूरा हुआ। अब उनका नया पता राष्ट्रपति भवन नहीं, बल्कि जनपथ रोड स्थित वह बंगला होगा, जहां कभी पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान रहते थे। द्रौपदी मुर्मू के भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद कोविंद राष्ट्रपति भवन छोड़ सोमवार को अपने नए आवास पहुंचे। बंगले को, राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनके आवास के रूप में तैयार किया गया है।

विपक्ष का आरोप- खड़गे को पद के अनुरूप नहीं दी गई सीट

नई दिल्ली: कई विपक्षी नेताओं ने सोमवार को राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर दावा किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके पद के अनुरूप सीट नहीं दी गई। हालांकि, सरकार ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया।

कांग्रेस सहित कई दलों ने लिखा सभापति को पत्र: कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और राष्ट्रीय जनता दल सहित नेताओं ने पत्र पर हस्ताक्षर किए और खड़गे के जानबूझकर किए गए अनादर पर आश्चर्य जताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्विटर पर पत्र साझा किया और कहा, सभी विपक्षी दलों (टीएमसी सहित) द्वारा अभी-अभी राज्यसभा के माननीय सभापति को पत्र सौंपा गया है। विपक्षी नेताओं ने अपने पत्र में कहा, आज, राष्ट्रपति मल्लिकार्जुन खड़गे के शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा में विपक्ष के नेता को उनके पद के अनुरूप सीट नहीं दी गई।

विदेशी नेताओं ने भी दी राष्ट्रपति मुर्मू को बधाई

नई दिल्ली: द्रौपदी मुर्मू ने देश की 15वीं राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ले ली है। सोमवार की सुबह संसद के सेंट्रल हॉल में उनको सीजेआई एनवी रमन्ना ने शपथ दिलाई। देश की पंद्रहवीं राष्ट्रपति बनने के बाद से ही उनको देश-विदेश से बधाइयां मिलना शुरू हो गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिलसिंघे के साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी जीनपिंग ने भी नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि चीनी राष्ट्रपति की बधाई ऐसे समय में आई है जब भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर गर्मा-गर्मी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सोमवार को अपनी भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू को पद संभालने पर एक पत्र के जरिए बधाई दी है। इसमें उन्होंने कहा कि वह राजनीतिक आपसी विश्वास बढ़ाने, व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने और मतभेदों को ठीक से संभालने के लिए उनके साथ काम करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति शी ने आगे कहा कि चीन और भारत एक-दूसरे के महत्वपूर्ण पड़ोसी हैं। स्वस्थ और स्थिर चीन-भारत संबंध दोनों देशों और उनके लोगों के मूलभूत हितों के अनुरूप है, साथ ही क्षेत्र और दुनिया भर में शांति, स्थिरता और विकास के लिए अनुकूल भी हैं।

शी जीनपिंग के अलावा आर्थिक संकटों का सामना कर रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भी महामहिम द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी थी। उन्होंने कहा कि 'इस मुख्य जिम्मेदारी के तौर पर आपकी नियुक्ति सबसे बड़े लोकतंत्र में सरकार में भरोसे और आत्मविश्वास की सबसे बड़ी गवाही है।

लोकसभा चुनाव के लिए 25 लाख से ज्यादा ईवीएम मशीनें बनाएगी ईसीआईएल

हैदराबाद: देश में आम चुनावों के मद्देनजर ईलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(ईसीआईएल) 25 लाख से ज्यादा ईलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन(ईवीएम) मशीनें तैयार करेगा। यह मशीनें पहले से ज्यादा अपडेटड होंगी। ईसीआईएल के निदेशक डॉ. अनीश शर्मा ने बताया कि चुनाव आयुक्त की आवश्यकता के अनुसार ईसीआईएल आगामी चुनाव के लिए मशीनें तैयार करेगा। यह मशीनें अपडेट होंगी। पुरानी मशीनों की मियांद 15 साल तक होती है इसलिए सभी पुरानी मशीनों की जगह नई मशीनें लगाई जाएंगी। इसके लिए ईसीआईएल ने पूरी तैयार कर ली है। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय चौबे ने बताया कि ईवीएम मशीनें पूरी तरह सुरक्षित है। इसे लेकर लोगों के अंदर सभी संदेह बेबुनियाद है। इसे टैंपर नहीं किया जा सकता। इसे ज्यादा विश्वसनीय बनाने के लिए वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रैल (वीवीपैट) मशीनें भी लगाई हैं। लोगों को बकायदा पर्ची भी मिलती है जिसमें उन्होंने जिसको वोट दिया उसकी जानकारी मिलती है। ऐसे में लोगों का संदेह बेबुनियाद है। ईवीएम मशीनें पूरी तरह से सुरक्षित है। उल्लेखनीय है कि देश में ईवीएम मशीनें सिर्फ ईसीआईएल और भारत इलेक्ट्रॉनिक ही तैयार करता है। एक ईवीएम को 15 साल तक ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

विक्की-कटरीना को मिली जान से मारने की धमकी

मुंबई: एक्टर विक्की कौशल और कटरीना कैफ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में मलविंदर सिंह नाम के व्यक्ति को मुंबई से अरेस्ट किया गया है। एक्टर ने अपने मैनेजर के जरिए रविवार शाम सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें विक्की ने कहा कि एक व्यक्ति उनकी पत्नी कटरीना को सोशल मीडिया पर स्टॉक कर रहा है। उसने मुझे भी जान से मारने की धमकी दी है।

रूसी मिसाइल डिफेन्स सिस्टम एस-400 चीन सीमा होगा तैनात

नई दिल्ली: रूसी मिसाइल डिफेन्स सिस्टम एस-400 का नया स्क्वाड्रन अगले दो से तीन महीनों में चीन के साथ उत्तरी सीमा पर तैनात किया जायेगा। सतह से हवा में मार करने वाली इस मिसाइल प्रणाली से भारत की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय वायु सेना लंबी दूरी पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकेगी। दिसंबर में रूस से मिला पहला मिसाइल डिफेन्स सिस्टम पंजाब सेक्टर में तैनात किया

गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा के दौरान एस-400 की पहली खेप दिसंबर, 2021 में भारत को मिली थी, जिसे पंजाब सेक्टर में तैनात किया गया है। यहां से यह एयर डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान और चीन दोनों के खतरों से निपट सकता है। इसी बीच फरवरी में यूक्रेन से युद्ध छिड़ने के बाद एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की आपूर्ति पर संकट के बादल गहराने लगे थे लेकिन रूसी रक्षा मंत्रालय ने भरोसा दिया कि भारत और रूस के रिश्ते पहले से ही ठीक हैं।

'किसानों की आय दोगुनी करने में विफल रही है मोदी सरकार'

नई दिल्ली: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों की आए दोगुनी करने में विफल रही है। राहुल गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। इनकी आय तो नहीं बढ़ी लेकिन ह्यायतनाएंह्व जरूर बढ़ गई हैं। राहुल ने कहा कि देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। शहीद हुए किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ कर देती है लेकिन किसानों के लिए कोई योजना नहीं है। केन्द्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के नाम पर भी किसानों से छल कर रही है।

हमारे लिए राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं नहीं राष्ट्र प्रथमः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश और समाज के हित को विचारधाराओं से बड़ा बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में विचारधारा या राजनीतिक हितों को समाज और देश के हित से ऊपर रखने का चलन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि विचारधाराओं का अपना स्थान है लेकिन देश और समाज सबसे पहले आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में लगातार स्थगन के बीच विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हालांकि, हाल के समय में विचारधारा या राजनीतिक स्वार्थों को समाज और देश के हित से भी ऊपर रखने का चलन शुरू हुआ है। कई बार तो सरकार के कामों में विपक्ष के कुछ दल इसलिए अड़ंगे लगाते हैं क्योंकि जब वो सत्ता में थे तो अपने लिए फैसले वो लागू

नहीं कर पाए। ये हर एक राजनैतिक पार्टी का दायित्व है कि दल का विरोध, व्यक्ति का विरोध देश के विरोध में न बदले। विचारधाराओं का अपना स्थान है, और होना चाहिए। राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं, तो हो सकती हैं। लेकिन, देश और समाज सबसे पहले है। स्वर्गीय हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान जब देश का लोकतंत्र कुचला गया तो सभी प्रमुख दल एक साथ आए और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष किया। चौधरी हरमोहन सिंह यादव भी उस संघर्ष के योद्धा थे। उन्होंने कहा कि राम मनोहर लोहिया के विचारों को उत्तर प्रदेश और कानपुर की धरती से हरमोहन सिंह यादव ने अपने लंबे राजनैतिक जीवन में आगे बढ़ाया।

कनाडा में गैंगस्टर मनिंदर धालीवाल सहित दो की हत्या

ओटावा: कनाडा के व्हिस्लर विलेज में कुख्यात ब्रदर्स कीपर्स गैंगस्टर मनिंदर धालीवाल और उसके दोस्त को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। रविवार को हुई इस गोलीबारी के समय गैंगस्टर धालीवाल (29) सुंडियाल होटल के पास अपने दोस्त सतिंदर गिल के साथ था। धालीवाल की मौके पर मौत हो गई। गिल ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ा। वैंकुवर सन के मुताबिक गिल का इस गैंग से कोई संबंध नहीं था।

ओलिंपिक मेडलिस्ट बोलीं, हैरेसमेंट हो रहा

बर्मिंघम: भारत के लिए टोक्यो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले सनसनीखेज आरोप लगाया है। लवलीना का कहना है कि वे हैरेसमेंट का शिकार हो रही हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं और उन्हें कोच के साथ ट्रेनिंग नहीं करने दिया जा रहा है। लवलीना ने ट्वीट किया, 'आज मैं बड़े दुख के साथ कहती हूं कि मेरे साथ बहुत हैरेसमेंट हो रहा है। जिस कोच ने मुझे

ओलिंपिक में मेडल जीतने में मदद की उन्हें बार-बार हटा दिया जा रहा है। इससे मेरे ट्रेनिंग प्रोसेस पर बुरा असर हुआ है। इंग्लैंड आने से पहले भी मुझे अपने कोच के साथ ट्रेनिंग करने में बहुत मुश्किल हुई। बार-बार हाथ जोड़ कर मिन्नत करने के बावजूद बहुत देर से उन्हें जॉइन कराया जाता है। मुझे ट्रेनिंग में बहुत परेशानी उठानी पड़ती है और मेंटल हैरेसमेंट तो होता ही है। अभी तक मेरी कोच संध्या को कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज के बाहर रखा गया है। उन्हें एंट्री नहीं मिल रही है। ऐसा तब हो रहा है जब कॉमनवेल्थ गेम्स में मेरे मुकाबले शुरू होने में 8 दिन ही बचे हैं। मेरे दूसरे कोच को भी वापस भारत भेज दिया गया है। मुझे समझ नहीं आ रहा मैं कैसे फोकस करूं? इसी के कारण पिछली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी मेरा परफॉर्मेंस खराब हुआ था।

100 करोड़ में राज्यसभा सीट दिलाने वाला गैंग पकड़ा

नई दिल्ली: 100 करोड़ रुपए में राज्यसभा सीट दिलाने और राज्यपाल बनाने का वादा करने वाला रैकेट पकड़ा गया है। सीबीआई ने इस बड़ी कार्रवाई में 4 से ज्यादा लोगों को पकड़ा है। सीबीआई टीम पिछले कई दिनों से इन पर नजर रख रही थी। पैसे के लेनदेने से ठीक पहले सीबीआई ने आरोपी को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। उसके दूसरे साथियों के भी नाम पता चले हैं। 4 से ज्यादा लोग आरोपी बनाए गए हैं। फिलहाल 100 करोड़ रुपए में सौदा होने की बात सामने आई है।

फोन टेप करने से मिले सुरागः सीबीआई अधिकारी पिछले कुछ हफ्तों से फोन इंटरसेप्टर के जरिए कॉल सुन रहे थे। बीते कई दिनों से आरोपियों पर उनकी नजर थी। डील जब फाइनल होने वाली थी, तभी आरोपी को दबोच लिया गया।

चार आरोपियों की हुई पहचानः सीबीआई ने चार आरोपियों की पहचान कर ली है। महाराष्ट्र निवासी कमलाकर प्रेमकुमार बांदगर, कर्नाटक निवासी रवींद्र विट्ठल नाइक, दिल्ली निवासी महेंद्र पाल अरोड़ा और अभिषेक बूरा इस डील में शामिल थे।

महाराष्ट्र में विधायक को 100 करोड़ में मंत्री बनाने का ऑफर दिया, 4 गिरफ्तारः मुंबई में भाजपा के एक विधायक को कैबिनेट मंत्री पद दिलाने के बदले 100 करोड़ रुपए की मांग करने का मामला सामने आया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच के एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल में मंत्री पद के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने 3 से 4 विधायकों के सामने यही पेशकश रखी थी। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोल्हापुर जिले के हाटकनागले निवासी रियाज अल्लाहबक्स शेख, ठाणे के रहने वाले निवासी योगेश मधुकर कुलकर्णी, सागर विकास संगवई और जफर अहमद राशिद अहमद उस्मानी के रूप में हुई है।

तीनों सेनाओं के लिए भारत में ही बनेंगी 4.2 लाख कार्बाइन

नई दिल्ली: 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में तीनों सेनाओं के लिए 4.2 लाख स्वदेशी कार्बाइन का निर्माण किया जायेगा। इतनी बड़ी संख्या में कार्बाइन के उत्पादन में समय लगेगा, इसीलिए यह परियोजना निजी या सार्वजनिक क्षेत्र के दो निमार्ताओं के साथ अनुबंध किये जाने की योजना है। परियोजना के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन होने जा रहा है। सेना, नौसेना और वायु सेना इस हथियार के डिजाइन और विकास में एक साथ काम करेंगी। भारतीय सेना की जरूरतों को देखते हुए संयुक्त अरब अमीरात से सीबीक्यू कार्बाइन और दक्षिण कोरिया से सेल्फ प्रोपेल्ड एयर डिफेंस गन मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 2.5 अरब डॉलर से अधिक का सौदा तय किया गया था। यूएई की हथियार निमार्ता कंपनी काराकल को सेना के लिए 93,895 क्लोज क्वार्टर कार्बाइन (सीबीक्यू) की आपूर्ति के लिए 2018 में शॉर्टलिस्ट किया गया था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस कंपनी ने फास्ट ट्रैक खरीद के लिए सबसे कम बोली लगाई थी। दोनों सौदे लगभग आखिरी चरण में थे लेकिन इसी बीच दो साल पहले रक्षा मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत रक्षा उद्योग को मजबूत करने के लिए हथियारों के आयात पर प्रतिबन्ध लगा दिया। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में सितम्बर, 2020 में हुई बैठक में 2.5 अरब डॉलर से अधिक के

दोनों आयात अनुबंधों को रद्द कर दिया गया। यूएई की कंपनी काराकल से 95 हजार कार्बाइन का सौदा रद्द करने के बाद अब 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में तीनों सेनाओं के लिए 4.2 लाख स्वदेशी कार्बाइन का निर्माण किया जायेगा। सेना को कार्बाइन के एक चौथाई हिस्से की तत्काल जरूरत है, इसलिए फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के तहत यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। सेना, नौसेना और वायु सेना इस हथियार के डिजाइन और विकास में एक साथ काम करने की योजना बना रही है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के कहना है कि 4 लाख से अधिक कार्बाइन के उत्पादन में समय लगेगा, इसीलिए निजी या सार्वजनिक क्षेत्र के दो निमार्ताओं को यह अनुबंध आवंटित करने की योजना है। इसका मतलब यह है कि सबसे अच्छी बोली वाली फर्म को 2 लाख से अधिक कार्बाइन बनाने का ऑर्डर मिल सकता है, जबकि दूसरी फर्म के साथ शेष कार्बाइन बनाने का अनुबंध किया जायेगा। इसके पीछे प्राथमिकता कार्बाइन की जल्द से जल्द आपूर्ति करने की होगी।

युद्ध की तैयारी में ताइवानः सड़कें खाली करने के आदेश

ताइपे: यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अब ताइवान को चीन के हमले का डर सता रहा है। इसलिए ताइवान ने भी जवाबी युद्ध की तैयारी शुरू कर दी है। लोगों को घरों में रहने व सड़कें खाली करने के आदेश देकर हवाई हमले का अभ्यास भी शुरू कर दिया गया है। हाल ही में ताइवान के आसपास चीन ने भी युद्धाभ्यास शुरू किया है। चीन लोकतांत्रिक देश ताइवान पर अपने क्षेत्र के रूप में दावा करता है। उसने बलपूर्वक ताइवान पर कब्जा करने के इरादे से कभी इनकार नहीं किया है। ताइवान ने चीन की संप्रभुता के दावे को खारिज कर अपनी रक्षा करने की बात कही है।

खबर संक्षेप

नवयुवक ब्राह्मण समाज ने आजाद की मनाई जयंती

सहसों। देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले ऐसे वीर बलिदानी सपूतों में से पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर नवयुवक ब्राहमण समाज के पदाधिकारियों द्वारा केंद्रीय कार्यालय गारापुर में शनिवार को सायंकाल उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा ने कहा कि देश की आजादी में ऐसे वीर सपूतों क्रांतिकारियों की योगदान से ही देश को आजादी मिली उन्होंने कहा आजादी में पंडित आजाद ने अपने प्राण न्योछावर करते हुए फिरंगियों के हाथ ना लगकर अपने जीवन को बलिदान कर दिया। इस मौके पर किशन शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, पंकज मिश्रा, पंकज शुक्ला, डब्लू पांडे कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, चिंतामणि शुक्ल, अशोक पांडे, अशोक मिश्रा, अजीत पांडे सहित आदि ब्राम्हण समाज के कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन रहे।

अलग अलग स्थान पर आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

फूलपुर में महिला की मौत, कोरांव के सिकरो में धान की रोपाई कर रहे मजदूर तथा मांडा के बबुरा क्षेत्र में महिला की हुई मौत

घटना से मृतक गीता के घर जुटे ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। उतरांव थाना क्षेत्र के इनायत पट्टी गांव में धान की रोपाई कर वापस लौट रही महिला आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। उतरांव थाना क्षेत्र के इनायतपट्टी निवासी मणिलाल भारतीय की पुत्री गीता देवी 28 की शादी चकिया घराहरा में 6 वर्ष पहले हुई थी। पांच दिन पूर्व वह अपने मायके इनायत पट्टी में बच्चों के साथ आई थी। सोमवार शाम करीब चार बजे गीता गांव की महिलाओं के साथ घर से 100 मीटर की दूरी पर धान की रोपाई करने गई थी। बारिश शुरू हुई तो वह खेत से घर आने लगी। अभी वह घर से कुछ ही दूरी पर थी कि अचानक अकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई। वही साथ में रही महिलाओं ने शोर मचाया तो परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को फौरन इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने हालत नाजुक देखते हुए महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं गंभीरावस्था के चलते महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। मौत की सूचना घर पर पहुंची तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका के पति राजू मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतका के तीन बेटे हैं सिद्धार्थ 5 वर्ष,रितेश 3 वर्ष,रौनक 6 माह है। मृतिका गीता देवी की मौत से ससुराल व मायके पक्ष के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

धान की रोपाई कर रहे मजदूर की आकाशीय बिजली से हुई मौत

सिकरो के राम लल्लू का पूरा गांव में हुआ हादसा, दर्जनभर लोग झुलसे

रत्योरा। कोरांव थाना क्षेत्र के सिकरो राम लल्लू का पूरा गांव में धान की रोपाई कर रहे मजदूर की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के माड़ो गल्दहवा गांव के श्रमिक राम लल्लू का पूरा गांव के रहने वाले दयाशंकर तिवारी के यहां धान की रोपाई करने आए हुए थे। सोमवार को दोपहर बाद 3 बजे के आसपास अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और फुहारी बारिश होने लगी इसी बीच तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी और खेत में धान की नर्सरी छीट रहे सोनू पुत्र रमाशंकर आदिवासी (27) की मौके पर ही मौत हो गई। थोड़ी दूरी पर रोपाई कर रहे दर्जनभर महिला पुरुष मजदूर झुलस गए। रोपाई कर रहे मजदूर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सीएचसी कोरांव भेजवाया और मृतक का पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक सोनू अपनी मां-बाप का इकलौता संतान था। हादसे के बाद पत्नी कृष्णावती समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। मृतक को एक 3 वर्षीय बेटी सोनिया है जो पिता के शव से लिपट कर रो रही थी।

आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

मेजा रोड। माण्डा थाना अंतर्गत बबुरा ढ़ीलिया में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौके पर हुई मौत।बता दे ढ़ीलिया बबुरा निवासी सन्नो देवी पत्नी मुकेश कुमार बिन्द (25) दोपहर करीब दो बजे के आस पास में अपने खेत मे धान की रोपाई कर रहे थी तभी तेज बारिश और गड़गड़ाहट होने लगा उसी समय आकाशीय बिजली गिरी सन्नो देवी सुलझ गई और मौके पर मौत हो गई साथ मे पति मुकेश कुमार और सोनू बेहोस हो गए कुछ देर के बाद मुकेश कुमार सोनू दोनों आदमी को होश आ गया तब तक गांव के लोगो को पता चला तो महिला को घर लेकर आये और दिघिया पुलिस चौकी पर फोन करके बताया हल्का के लेखपाल अनिल सिंह और कानगो के सहयोगी चैन मैन देवी लाल मौके पर पहुचे कुछ ही देर में चौकी इंचार्ज हरीश चंद्र शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुच कर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

अंकित सरोज की मौत से मां मनोरमा सहित रोते बिलखते परिजन।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

सहसों। शहर में मजदूरी करने गया एक युवक निमार्णाधीन मकान में काम करते समय करंट की चपेट में आ गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया परंतु उसकी मौत हो गई। थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के सहसों ग्राम सभा का मजरा इनायतपुर गांव निवासी अंकित सरोज (21) पुत्र विनोद कुमार सरोज बाबा रविवार को दिन में काम करने के लिए नैनी गया हुआ था। एक निमार्णाधीन मकान में कटर मशीन से पाइप काटते समय वह करंट की चपेट में आ गया। यह देखकर साथ में काम कर रहे उसके साथियों दौड़ कर तार से छुड़ाने का प्रयास किया। आनन-फानन में उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकित की मौत की जानकारी होने पर परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वह दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। जहां एक और अंकित की माता मनोरमा रो-रो कर बेहोश हो जा रही है वहीं परिजनों सहित पूरे मुहल्ले में मातम छाया हुआ है।

चित्रकूट व जौनपुर में हुआ उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर 2047 महोत्सव का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

उज्जवल भारत उज्ज्वल भविष्य महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थिति अधिकारीगण

मेजा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई 2022 से 30 जुलाई 2022 तक चलने वाले उज्ज्वल भारत.उज्ज्वल भविष्य पावर/2047 महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ उत्तर प्रदेश के चित्रकूट और जौनपुर जिले में आज किया गया। अभिषेक आनंद जिलाधिकारी चित्रकूट और साई तेजा सीलम मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मान सिंह उप महाप्रबंधक ;इलेक्ट्रिकल टीएडीद्ध मेजा ऊर्जा निगम बतौर जिला नोडल अधिकारी चित्रकूट और बृजेश कुमार सिंह बरिष्ठ प्रबंधक ;ओ एंड एमद्ध मेजा ऊर्जा निगम बतौर जिला नोडल अधिकारी जौनपुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन पारेषण वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच होगा। कार्यक्रम में आम जनता राय निमार्ताओं व नीति निमार्ताओं को ऑडियो.विजुअल मीडिया नुक्कड़ नाटक सांस्कृतिक कार्यक्रमों इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विद्युतीकरण वननेशन वन ग्रिड उपभोक्ता अधिकार नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 30 जुलाई को बिजली महोत्सव सप्ताह के अंतिम दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देशभर के लाभार्थियों से संवाद करेंगे।इसके अलावा विजन पावर/2047 के अनुरूप सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों के बिचारों को आमंत्रित किया जाएगा।

तीन अलग अलग गांवों में मार पीट मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई घायल हुए हैं। पुलिस ने तीनों मामलों में आठ के खिलाफ केस दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता मझगांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि शौच के लिए गयी महिलाओं को दबंगों ने छेडखानी किए और कपडे फाड दिए। तथा घर में घुस कर मारे पीटे तोड फोड किए। पुलिस ने बुधराम ,रतन, बब्बू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम सराय लहुरी निवासी सुजीत यादव पुत्र राजबलि का आरोप है कि घरेलू बंटवारे को को लेकर परिवार के लोगों ने मार पीट कर जख्मी कर दिए। पुलिस ने आनन्द यादव ,चन्द्रमा यादव ,आरती यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम छीतेमऊ निवासनीय सावित्री देवी पत्नी रामफेर का आरोप है कि गांव के कुआं को कुछ लोग गंदा कर रहे थे । मना करने पर उसे मारे पीटे सावित्री देवी ने मऊआइमा थाने में विमलेश ,उमेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

सहसों में शिवभक्त कांवरियों की सेवा भाव में जुटे उद्यमी कैलाश चंद केसरवानी।

लंगर चलाकर कांवरियों की सेवा कर रहे स्थानीय शिवभक्त

सहसों। सावन के पावन महीने में आराध्य देव देवाधिदेव महादेव की उपासना पूजा पाठ एवं जप तप में शिव भक्त एवं कांवरिये जल लेकर जलाभिषेक करने के लिए तत्परता से तल्लीन हैं। जगह-जगह कांवरियों की सेवा सत्कार में स्थानीय भक्त तन्मयता से जुटकर सभी सुविधाएं सेवा में लगे हुए हैं। प्रयागराज से पतित पावनी मां गंगा का जल लेकर कांवरिया स्थानीय मंदिरों के अतिरिक्त सुजानगंज गौरी शंकर धाम जलाभिषेक के लिए जा रहे हैं। बोल बम, हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए त्रयोदशी के दिन प्रयागराज से जल लेकर धूप व गर्मी में तपस्या करते हुए कांवरिया पूरे मनोयोग से जयकारा लगाते हुए जा रहे हैं। कांवरिया वालों की सेवा सत्कार के लिए श्री राम जानकी मंदिर सहसों के व्यवस्थापक उद्यमी कैलाश चन्द्र केसरवानी ने लंगर चलवा कर कांवरियों की सेवा भाव के लिए तत्परता के साथ अपने सहयोगी के साथ लगे रहे। इसी तरह प्राचीन शिवालय रामनाथ पट्टी, जय हनुमान कांवरिया संघ चिरौड़ा चौराहा, बरहौं सेवार बाबा रूदापुर के अतिरिक्त जगह जगह प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर लोगों ने कांवर रखने की सुविधा के साथ जलपान, स्वल्पाहार, के अतिरिक्त दवाइयां लेकर कांवरियों की सेवा में दिन-रात जुटे हुए हैं। वहीं पर प्राचीन शिवालय मंदिरों में स्थानीय भक्तों द्वारा भी देर रात तक ओम नमः शिवाय के जाप के साथ भोले बाबा के जयकारे लगाकर भक्ति रस में डूबे हुए हैं।

न्यूज झरोखा

जनता की समास्याओं का समाधान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता : विधायक बारा

जसरा। मैं जनता का प्रतिनिधी हू जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा तक पहुंचाया है अब मैं ऐसा काम करू की उनको किसी प्रकार की कोई समस्या न हो उनकी हर समयाओ का समाधान करना ही मेरा प्रथम कर्तव्य है उक्त बातें आज सोमवार को एमवी कांवेंट स्कूल गौहानिया में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मौजूद बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने कही आगे उन्होंने कहा की बारा की जनता के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे उन्हे कही भी मेरी जरूरत पड़े आधी रात को मैं तैयार रहूंगा। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं को विधायक के सम्मुख रखा जिसको लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया। जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश शुक्ला, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, जगत नारायण शुक्ला, नीरज केसरवानी, गोपाल केसरवानी, फूल चंद पटेल, पंकज पाण्डेय, दिनेश प्रजापति, शिव मोहन पाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

वृक्षारोपण कर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

जसरा। वृक्ष हमारे पर्यावरण एवम संस्कृति का अटूट हिस्सा हैं। बिना पेड़ों के जीवन संभव नहीं हैं। पेड़ प्राणवायु आक्सीजन के कीमती लकड़ियाँ, फल -फूल प्रदान करने के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से भी बचाते हैं उक्त बातें ईश्वर दीन छेदी लाल इंटर कालेज जसरा के प्रधानाचार्य डा. योगेंद्र सिंह नें वृक्षारोपण करने के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल नें भू गर्भ जल सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए पेड़ को उपयोगी बताते हुए छात्रों को वृक्षारोपण एवम उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किये।साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से पालीथीन एवम प्लास्टिक से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए अन्य लोगों को भी इसके उपयोग को बंद करने के लिए जागरूक किया गया।विद्यालय परिसर मे आम, गुलमोहर, अमलतास, जामुन आदि पौधे रोपें गये।इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों सहित सुनील साहू, राकेश सिंह, अचलेन्द्र जायसवाल, दयाशंकर सिंह शिक्षक मौजूद रहें।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का दूसरे चरण का पुरस्कार किया वितरित

जसरा। प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा करायी गयी निशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आज ग्राम सभा छीड़ी व परवेजाबाद के बच्चों को प्रमाण पत्र व पुस्तक साथ ही मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राथमिक विद्यालय छीडी की छात्राओ द्वारा सुन्दर गीत प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अधिकारी अमित शुक्ला, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान सतीश गुप्ता, रहे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के समस्त स्टाफ की ओर से आयोजित किया गया जिसमे हेड मास्टर श्रीमती संजूलता व विजयराज प्रजापती, आशीष मिश्र, मनोज पाण्डेय, रहे। विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव सम्मानित करके उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य रघुवंश मिश्र, संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र, रावेन्द्र तिवारी, रामजी त्रिपाठी, अविनाश त्रिपाठी, शांतनु मिश्र, राजीव शुक्ला, शिवेंद्र सिंह हिमांशु शुक्ला, रीता विस्वकर्मा, निहारिका मिश्र,ममता पाण्डेय आदि गांव के कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

जरकुटी महादेव मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

करछना। के अंतर्गत अरई ग्राम के प्रसिद्ध कैलाश धाम जरकुटी महादेव के मंदिर पर स्वच्छता भारत मिशन प्रस्तावना विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम सभा अरई में स्थित कैलाश धाम जरकुटी महादेव मंदिर का स्वच्छता अभियान कराया गया है क्षेत्र के ग्राम प्रधान अरई अशोक कुमार पटेल एवं समाजसेवी पवन कुमार यादव निरिया , सहायक विकास अधिकारी करछना विवेक मिश्रा को सूचना देकर ग्राम प्रधान अरई अशोक कुमार पटेल और समाजसेवी पवन कुमार यादव द्वारा साफ -सफाई कराया गया इस मौके पर न्याय पंचायत धरवारा और न्याय पंचायत रोकड़ी सफाई कर्मी राजेश कुमार, मिथिलेश कुमार ,अनिल कुमार, मोहित खान, अनिल पटेल, अमरनाथ, शोभालाल, कमलेश प्रसाद, शिव बाबूबद्री, सुरेश कुमार आदि लोग सफाई कर्मी मौजूद रहे अन्य गणमान्य वासी मौजूद रहे ग्राम प्रतिनिधि निरिया मुकेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरई विनोद कुमार पटेल, अधिवक्ता इंद्रजीत पटेल, रविंद कुमार, कृष्ण मोहन यादव, अधिवक्ता जितेंद्र सिंह, उदय प्रताप ,अमिताभ,आदि लोग स्वच्छ भारत मिशन प्रस्तावना में मौजूद रहे।

वीएनएस महाविद्यालय की संस्थापिका की मनाई गई दूसरी पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

सुख शांति एवं समृद्धि के लिए आयोजित हुआ शिव पूजन पाठ, माता-पिता की शिक्षा की ज्योति जलाये रखना प्राथमिकता : शशी शुक्ला

संस्थापिका कमला देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर शिवपूजन करते प्रबंधक शशी शुक्ला व उनकी पत्नी।

मेजा। स्व0 वशिष्ठ नारायण शुक्ल महाविद्यालय की संस्थापिका कमला देवी शुक्ला की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर सुख शांति एवं समृद्धि के लिए प्रबंधक द्वारा शिव पूजन पाठ कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के कठौली गॉव में संचालित उक्त महाविद्यालय के प्रबंधक शशी शुक्ला अपनी पत्नी श्रीमती सुधा शुक्ला एवं अन्य सहयोगियों के साथ बीते रविवार को जहॉ अपनी माता तथा महाविद्यालय की संस्थापिका कमला देवी शुक्ला की पूरी विधि विधान के साथ दूसरी पुण्यतिथि मनाया वहीं विद्यालय की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए सोमबार को सावन के पवित्र महीने की कृष्ण पक्ष की द्ववादशी पर शिव पूजन पाठकथा कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कथा वाचक सुप्रसिद्ध पुरोहित पं0 श्रीकान्त शास्त्री द्वारा भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर शिवमय जैसा प्रतीत हो रहा था। शिव पूजा कथा समापन के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि मेरे स्वर्गीय माता-पिता ने शिक्षा के क्षेत्र में जो ज्योति जला रखी है उस ज्योति को निरंतर जलाये रखना मेरी प्राथमिकता है। उन्होनें बताया कि वशिष्ठ नारायण महाविद्यालय की क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। अच्छी शिक्षा व्यवस्था के कारण प्रयागराज जनपद के अलावा कई अन्य जनपद के छात्र व छात्रायें दाखिला लेकर शिक्षा ग्रहण कर रही है। इस मौके पर महेन्द्र शुक्ला, प्रदीप सिंह, धनन्जय, ललित यादव, राजकुमारी तथा मुन्ना यादव के अलावा क्षेत्र के तमाम शिवभक्तगण प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

सोमेश्वर महादेव : श्रद्धालुओं ने बडी संख्या में किया जलाभिषेक

अखंड भारत संदेश

नैनी। क्षेत्रश्रावण मास के दूसरे सोमवार को अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर मे भारी संख्या मे श्रद्धालु ,भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही मंदिर मे भक्तो का आना चालू हो गया था सोमेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी से बातचीत में बताया कि सोमेश्वर महादेव भगवान भोलेनाथ प्रतिदिन सुबह और शाम के वक्त भव्य आरती आयोजन किया जाता है इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए दर्शन पूजा पाठ के लिए कपाट खोल दिया जाता है और आज सावन के दूसरे सोमवार पर भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष जल अभिषेक कर के भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने परिवार के लिए मंगल कामना करते हुए हर हर महादेव के नारे लगाते रहें सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया था भीड़ को देखते हुए मौके पर शांति सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए एसडीएम करछना रेनू जी एवं क्षेत्र अधिकारी करछना राजेश कुमार यादव,नैनी थाना एसएस आई अजय कुमार सिंह,उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह अपने पुलिस बल और महिला पुलिस के साथ एवं नैनी थाने की नियुक्त की हुई एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपनी टीम के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर परिसर में मौजूद रहे। का जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही मंदिर मे भक्तो का आना चालू हो गया था सोमेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी से बातचीत में बताया कि सोमेश्वर महादेव भगवान भोलेनाथ प्रतिदिन सुबह और शाम के वक्त भव्य आरती आयोजन किया जाता है इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए दर्शन पूजा पाठ के लिए कपाट खोल दिया जाता है और आज सावन के दूसरे सोमवार पर भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष जल अभिषेक कर के भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने परिवार के लिए मंगल कामना करते हुए हर हर महादेव के नारे लगाते रहें सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया था भीड़ को देखते हुए मौके पर शांति सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए एसडीएम करछना रेनू सिंह एवं क्षेत्र अधिकारी करछना राजेश कुमार यादव,नैनी थाना एसएस आई अजय कुमार सिंह/उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह अपने पुलिस बल और महिला पुलिस के साथ एवं नैनी थाने की नियुक्त की हुई एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपनी टीम के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने पर पुलिस ने दो को भेजा जेल भेजा

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के एक गांव में सोते समय दो युवकों ने एक महिला का अश्लील वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब इसकी जानकारी महिला के पति को हुई तो वह दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया पुलिस ने दोनों युवको का मोबाइल और वीडियो जब्त कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि गांव के दो युवकों का उनके घर आना जाना था। जब उसकी पत्नी सो रही थी तो दोनों युवकों ने मोबाइल से उसकी पत्नी का अश्लील एंव नंग वीडीओ बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जब व्यक्ति को पता चला तो मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आशीष कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र ,संजय कुमार पुत्र शिवसागर को मय मोबाइल ,वीडीओ सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पत्रकार के बाद गांजा व्यवसायी ने पुलिस को भी लिया लपेटे में

अखंड भारत संदेश

मुकदमे की जांच के सिलसिले में दारोगा गया था घर, गांजा व्यवसायी द्वारा महिला खड़ी कर आरोप लगवाने का हो गया है धन्धा

कोरांव। थाना खीरी अंतर्गत ग्राम लेड़ियारी में बृहस्पतिवार को एसआई विनोद कुमार मुकदमा के सिलसिले में राधेश्याम के घर एक होमगार्ड जहूर खॉन के साथ पूर्व में दर्ज मुकदमे से संबंधित जांच करने पहुंचे। वही राधेश्याम द्वारा अभद्रता करने पर एसआई विनोद कुमार ने एक चाटा राधेश्याम को जड़ दिया। चांटा लगने के पश्चात राधेश्याम की पत्नी शकुंतला ने बीच-बचाव करने आ पहुंची। कुछ लोग शोर होने पर आ पहुंचे, मामले में वीडियो भी बना लिया गया । जिसका एसआई विनोद कुमार द्वारा विरोध किया गया । तभी वहा राधेश्याम के साढू भाई गांजा व्यापारी सुशील कुमार केशरवानी आ पहुँचे और पक्ष की बात ना होने पर सुशील ने महिला को उकसा कर छेड़खानी करने का आरोप लगाने को कह दिया। जिस पर महिला ने छेड़खानी व गाली देने का आरोप एसआई विनोद कुमार पर लगा दिया । बता दें कि गांजा व्यापारी सुशील, पुलिस व पत्रकारो को महिला द्वारा आरोप लगाने मे माहिर है। यह उसका धन्धा हो गया है। मामले में थानाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा का कहना है कि एसआई व एक होमगार्ड उक्त व्यक्ति के घर पर मुकदमे के जांच के सिलसिले में गए थे। लेकिन जांच में राधेश्याम द्वारा सहयोग न करने पर एसआई विनोद कुमार आक्रोशित हो गए । महिला द्वारा लगाई गई छेड़खानी का आरोप झूठी है।

करछना में यूपीएस के छात्रों को वितरित की गई किताबें

करछना। ब्लॉक संसाधन केंद्र के करछना के ग्राम पंचायत करछना में सरकारी स्कूल में सोमवार को प्रधानाचार्य नीता मेहरोत्रा एवं सहायक अध्यापिका आशा शुक्ला एवं प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट अध्यक्ष प्रधान संघ विकास खंड करछना की उपस्थिति में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र एवं छात्राओं को किताबें वितरित की गई किताबें पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

हरिओम पांडेय ने हाईस्कूल की परीक्षा में किया विद्यालय टाप

जंघई। चनेथू गांव निवासी विनीत पांडेय के बेटे हरिओम पांडेय ने आरएन पब्लिक स्कूल सेमरी प्रतापपुर से सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हरिओम ने 95% से भी अधिक नंबर लाकर विद्यालय एवं परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।क्षेत्र एवं परिवार तथा गांव के लोगों ने हरिओम पांडेय को बधाई आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

खबर संक्षेप

समय से नहीं खुल रहे स्कूल बच्चों को करना पड़ता है इंतजार

लेडियारी। सरकारी तौर पर भले ही परिषदीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नित नए निर्देश जारी किए जा रहे है लेकिन जिम्मेदारों की मनमानी से परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता नहीं दिख रहा है। कहीं कही समय से शिक्षक स्कूल नहीं पहुच रहे है तो कहीं पर समय से पहले ही शिक्षक स्कूलों में ताला लगाकर गायब हो जाते है जिसके चलते शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है कई ऐसे विद्यालय है जहां पर तैनात शिक्षक अफसरों से सेटिंग करके विद्यालय में ही नहीं आ रहे है आरोप है कि ऐसे शिक्षकों द्वारा अफसरों को मासिक सुविधा शुल्क दिया जाता है।

शिक्षकों की मनमानी में नहीं हो रहा सुधार : बिकास खन्ड कोरांव के लेडियारी इलाके में स्कूलों में ज्यादातर शिक्षकों की मनमानी देखने को मिल रही है। तमाम ऐसे स्कूल है जहां पर मनमानी शिक्षक महीने में एक या दो बार आकर पूरे माह भर की हाजिरी लगा लेते है ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश केवल हवा हवाई साबित हो रहे है।

चिल्ड्रन हॉस्पिटल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग गोद में बच्चों को लेकर भागे परिजन

अखंड भारत संदेश

बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते परिजन।

प्रयागराज। चिल्ड्रेन अस्पताल में रविवार की देर रात आग लगने से अफरातरी मच गई। बच्चों को लेकर भर्ती मरीज परेशान हो गए। माता-पिता अपने बच्चों को गोद में लेकर सुरक्षित स्थानों पर भागने लगे। चिल्ड्रेन हास्पिटल के वार्ड नंबर चार के पीआईसीयू में वॉल माउंटेन वेंटिलेटर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर उपकरणों से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। सूचना मिलते ही अस्पताल के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग लगने के कारण वार्ड धुआं से भर गया था। चिल्ड्रेन आईसीयू में कुल 10 बच्चे भर्ती थी, जो अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित थे। स्विच में स्पार्क करने के कारण पूरा आईसीयू धुएं से भर गया। परिजन अपने बच्चों को लेकर भागने लगे। अस्पताल प्रशासन की ओर से सभी 10 बच्चों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। आग को स्थानीय उपकरणों से ही बुझा लिया गया। घटना को लेकर अफरातफरी मची रही।अस्पताल प्रशासन ने मौक पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। शार्ट सर्किट और स्पार्क के स्थानों का निरीक्षण किया गया। डैमेज वाले स्थानों को दुरुस्त किया गया।

महिला ने अश्लील वीडियो बनाकर छात्र को किया ब्लैकमेल

प्रयागराज। टैगोरटाउन में महिला फेसबुक फ्रेंड ने अश्लील वीडियो बनाकर प्रतियोगी छात्र को ब्लैकमेल करने की कोशिश की। रुपये मांगे और न देने पर वीडियो वायरल करने को धमकाया। छात्र की तहरीर पर जार्जटाउन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।छात्र किराए के कमरे में रहकर तैयारी करता है। उसने पुलिस को बताया कि खुद को लखनऊ की बताने वाली महिला काफी दिनों से उससे मैसेंजर पर चैट कर रही थी। एक दिन रात 12 बजे उसने मैसेंजर पर वीडियो कॉल की। उसने आठ बार कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद नौंवी बार में उसने कॉल रिसीव की तो वह कपड़े उतारते दिखाई दी। जिस पर उसने कॉल काट दी।छात्र ने जब मैसेज भेजकर उससे ऐसा करने की वजह पूछी तो वह उसे धमकाकर पैसे मांगने लगी। रुपये न देने पर वीडियो वायरल करने की बात कहने लगी। इस पर छात्र ने अपना फेसबुक अकाउंट व मैसेंजर एप ही डिलीट कर दिया। साथ ही मामले की तहरीर जार्जटाउन थाने में दी। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

पूर्व विधायक विजय मिश्र का एक लाख का इनामी बेटा विष्णु मिश्र पुणे से गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु मिश्र को एसटीएफ वाराणसी की टीम ने रविवार को देर शाम पुणे के पुलिस स्टेशन हडपसर में गिरफ्तार कर लिया। एक दिन पहले ही अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इसकी पुष्टि विजय मिश्र की अधिवक्ता बेटी रीमा पांडेय ने भी की है।विजय मिश्र की पुत्री रीमा पांडे ने रविवार को मुख्यमंत्री को पत्र भेजा। उसमें उन्होंने अपने भाई विष्णु मिश्र की जान को खतरा बताया। कहा कि उनके भाई विष्णु मिश्र को रविवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे पुणे में एसटीएफ वाराणसी ने गिरफ्तार कर लिया है। भाई की जान को खतरा है, क्योंकि यूपी पुलिस एवं एसटीएफ उनका एनकाउंटर कर सकती है। रीमा ने कोई गैर कानूनी सामग्री पुलिस द्वारा दिखाए जाने की भी आशंका जताई है। उन्होंने सीएम से मांग की कि विष्णु मिश्र को सही सलामत यूपी लाया जाए।वहीं एसटीएफ वाराणसी यूनिट फील्ड एक अधिकारी ने भी बताया कि पुणे से विष्णु मिश्र की गिरफ्तारी की गई है। उनसे पूछताछ की गई है। न्यायिक रिमांड पर लेकर सोमवार को एसटीएफ की टीम रवाना होगी। बता दें कि विष्णु मिश्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके बाद से ही पुलिस और एसटीएम की टीम उसकी खोजबीन में जुटी थी। एक दिन पहले ही उसके ऊपर 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये इनाम किया गया था। पुलिस की कई टीमें उसकी खोजबीन में लगी थीं।पिछले वर्ष अल्लापुर स्थित विजय मिश्र के बंगले को भी पीडीए के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया था। प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के खपटिहां गांव के मूल निवासी विजय मिश्र ज्ञानपुर से लगातार चार बार विधायक रहे। 2022 के विधानसभा चुनाव में वह न सिर्फ पराजित हुए बल्कि तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

पत्नी ने शव लेने से किया इंकार तो एंबुलेंस कर्मी ने शव भिजवाया रिश्तेदारों के पास

अखंड भारत संदेश

एम्बुलेंश कर्मी ने पेश की मानवता की मिशाल

झूंसी। युवक की मौत के बाद जब उसकी पत्नी ने अपने पति का शव लेने से इंकार कर दिया तब एम्बुलेंश कर्मी शव उसके रिश्तेदारों के पास लखनऊ बिजवा कर मानवता की मिशाल पेश की। स्थानीय थाना क्षेत्र में नशे की हालत में कही यहाँ कही वहा पड़ा रहने वाला युवक अजय कुमार दीक्षित की सोमवार को मौत हो गई। उसे 108 एम्बुलेंश से एसआरएन ले गए एम्बुलेंश कर्मी सन्तोष भारतीय ने अजय के मौत की खबर उसकी पत्नी को दी तो उसने शव लेने से इनकार करते हुए अपने पति की मौत की खबर उसके उसके रिश्तेदारों को दी। कुछ देर बाद हैदराबाद में रहने वाले अजय के मौसा ने एम्बुलेंश ईएमटी सन्तोष से सम्पर्क कर बताया कि अजय अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज में रहा था। पत्नी ने भी उसे छोड़ दिया तो नशे का लती हो गया। माँ बहुत पहले ही गुजर चुकी है पिता दूसरी शादी कर चेनई चला गया। हम लोग प्रयास कर रहे पर प्लाइट नही मिला रही। मृतक के मौसा के कहने पर ईएमटी सन्तोष एक प्राइवेट एम्बुलेंश बुक कर अजय की लाश लखनऊ भिजवा। शादी में साथ फेरे लेकर सात जन्मों तक साथ निभाने का वचन लेने वाली पत्नी पति शव लेना तो दूर चेहरा भी देखने नही पहुची ऐसे में एम्बुलेंश के ईएमटी सन्तोष व चालक धर्मपाल मानवता का धर्म निभाया।

श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर संगमनगरी सहित यमुनापार वह गंगापार के शिवालय शिवमय हो गई हैं। संगम व गंगा का घाट हो अथवा कोई गली-मोहल्ला। हर-हर बम-बम..., जय भोले..., हर-हर महादेव..., उद्घोष की कर्णप्रिय गूंज चहुंओर सुनाई दे रही है। भगवान शिव के प्रिय मृगशिरा नक्षत्र के साथ प्रदोष व ध्रुव योग का अद्भुत संयोग बनने से भक्तों में उत्साह अधिक है।गंगा के दशाश्वमेध घाट व संगम घाट पर भोर से स्नान का क्रम आरंभ हो गया। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए बच्चे, युवा व वृद्ध डुबकी लगा रहे हैं। कांवड़िया स्नान के बाद कांवड़ में जलभर कर काशी विश्वनाथ व बाबा बैजनाथ धाम के लिए पैदल रवाना हो रहे हैं। वहीं, मनकामेश्व महादेव, दशाश्वमेध महादेव, पंचमुखी, शिवकोटि, श्रीनाथ मंदिर सिरसा, पहाड़ी महादेव मंदिर भटौती, बोलने महादेव मंदिर मेजा खास सहित आदि शिवालयों में जलाभिषेक करने वालों की लंबी कतार लगी है।महादेव शिव के प्रिय मास श्रावण (सावन) में चहुंओर भोलेमय माहौल है। शिवालयों में रुद्राभिषेक, महाभिषेक कराने वालों की भीड़ है। आज श्रावण का दूसरा सोमवार शिवभक्तों के लिए खास है। इसमें भगवान शिव के प्रिय मृगशिरा नक्षत्र के साथ प्रदोष व ध्रुव योग का अद्भुत संयोग बना है। धमार्चार्यों का मत है कि उक्त संयोग में व्रत रखकर अभिषेक व पूजन करने से शिव की कृपा जल्द प्राप्त होगी।

धमार्चार्यों का मत कि अद्भुद संयोग में बरसेगी शिव कृपा : महादेव शिव के प्रिय मास श्रावण (सावन) में चहुंओर भोलेमय माहौल है। शिवालयों में रुद्राभिषेक, महाभिषेक कराने वालों की भीड़ है। आज श्रावण का दूसरा सोमवार शिवभक्तों के लिए खास है। इसमें भगवान शिव के प्रिय मृगशिरा नक्षत्र के साथ प्रदोष व ध्रुव योग का अद्भुत संयोग बना है। धमार्चार्यों का मत है कि उक्त संयोग में व्रत रखकर अभिषेक व पूजन करने से शिव की कृपा जल्द प्राप्त होगी।

कुंदौरा महादेव एवं चंद्रमौलेश्वर महादेव धाम में भक्तों ने किया जलाभिषेक

धनूपुर। सावन माह के दूसरे सोमवार को विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना किया। वहीं कुंदौरा धाम में कांवरियों की बंपर भीड़ उमड़ी हुई है मंगलवार को शिवरात्रि पर जलाभिषेक होगा भोर से ही शिवालयों में भक?तों की भीड़ लग जाती है।कुंदौरा महादेव एवं चंद्रमौलेश्वर महादेव धाम चनेथू में जलाभिषेक के लिए भारी संख?या में श्रद्धालु आये।कुंदौरा महादेव धाम में भोर से ही लाइन में लगकर श्रद्धालु जलाभिषेक करते रहे मंदिर के मुख्य गेट तक काफी संख्या श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शिवलिंग पर जल, दूध, दही, अक्षत, मिष्ठान, फल, फूल जैसे कई द्रव्यों से अभिषेक करने के साथ आराधना की गई।कुंदौरा महादेव मंदिर में सभी श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकें और व्यवस्था बेहतर बनी रहे इसके लिए प्रभारी निरीक्षक सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी द्वारा व्यापक रूप से व्यवस्था की गई थी। जिसमें महिला एवं पुरुष कांस्टेबल होमगार्ड के जवान सहित तमाम लोग कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में लगे रहे एवं मेला परिसर में जगह जगह तैनात रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल लाल गौड़ ने बताया कि सावन माह का विशेष महत्व है इस माह सोमवार को जलाभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं। इसलिए श्रद्धालु सोमवार को भगवान शिव को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करने के साथ उनकी विशेष आराधना करते हैं। समिति के सदस्यों द्वारा मेले में कानून व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन का सहयोग करके मेला सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है इस अवसर पर मेले में हजारों श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया गया।

न्यूज झरोखा

झूंसी से चुंगी तक फिर लगा जाम, स्कूली बच्चो के साथ जाम में फसी रही एम्बुलेंश

झूंसी। सावन के दूसरे सोमवार को भी अलोपीबाग चुंगी से झूंसी पुलिस तक जाम लग गया। जाम में डिवाइडर पर चढ़ाने के फेर में कई बाइक सवार गिर गए। इस दौरान हुई झमा झमा बारिस में साइकिल, पैदल, बाइक सवार व उनके जरूरी सामान भीग गए। जाम में स्कूली बच्चो के साथ सरकारी, प्राइवेट एम्बुलेंश भी फसी रही। कावड़ यात्रा की वजह से वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर बने चार लेन के पुल शास्त्री ब्रिज की दो लेन के साथ वाराणसी मार्ग की एक लेन कावरियों के लिए रिजर्ब है। सावन के दूसरे सोमवार को भी प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर दारागंज चुंगी से झूंसी पुलिस बूथ तक जाम लगा रहा। सोमवार को पहले दोपहर जाम लगा कुछ देर बाद खुला लेकिन 3 बजे के करीब फिर जाम लग गया और देखते ही देखते चुंगी, शास्त्री पुल, झूंसी पूरी तरह से चोक हो गई। झूंसी से शहर की ओर जाने वाले वाहनों की कई लाइन लग गई यही हाल दारागंज की ओर भी रहा। जाम में कई एंबुलेंस के साथ स्कूली बच्चे फसे रहे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों भीगते हुए जाम खुलवाने में लगे रहे कड़ी मसक्कत के बाद सात बजे के करीब आवागमन सुचारू हो सका।

कांवरियों की सेवा पुण्य का कार्य : अवधेश कुमार निषाद

हंडिया। राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संगठन एंटी क्राइम एंटी करप्शन की हंडिया इकाई के द्वारा हंडिया बाजार स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में कांवरियों का विश्राम स्थल स्थापित किया गया है, प्रांगण स्थल पर ही कांवरियों की सेवा हेतु जल,फल,मरहम ,स्प्रे व दवा आदि की समुचित व्यवस्था रखा गया है जिससे कांवरियों के पीड़ा को दूर कर पुण्य कार्य कर रहे हैं। आज के जल-फल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार निषाद प्रयागराज ,महिला विंग की जिला अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव ,जिला उपाध्यक्ष निशा मिश्रा सहित संगठन के हंडिया प्रमुख रत्नेश जयसवाल ,अरुण कुमार केसरवानी ,नीरज कुमार जयसवाल, मनीष कुमार केसरवानी, सत्यदेव केसरवानी, प्रवीण जायसवाल, सचिन सोनी, दीपू ,हिमांशु, सोनी ,गोपी मोदनवाल ,शिवांशु दुबे ,धर्मेंद्र कनौजिया, सुमित, इमरान ,विजयराज मौर्या, श्याम बाबू केसरवानी सहित भारी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया करछना विधायक का जन्मदिन

करछना। विधानसभा 260 से निर्वाचित विधायक पीयूष रंजन निषाद का सोमवार को आईटीआई नैनी मौहरिया के पास एक भव्य आयोजन कार्यक्रम में कार्यकताओं ने धूमधाम के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा पार्टी के कार्यकताओं ने शिरकत कर विधायक का जन्मदिन मनाया मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे लक्ष्मी शंकर पांडे सुरेश कुमार पांडे प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी, रिंकू सिंह ,डॉक्टर भगवत पांडे , सत्य प्रकाश निषाद, संजय निषाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता विधायक के जन्म दिन के आयोजन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में दो एवम एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रयागराज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु एवम समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिकक्षेत्र संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व उप निरीक्षक विनय कुमार गुरुदेव व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में दो अभियुक्त मोहम्मद नसीम अंसारी पुत्र स्व उमर अंसारी , मोहम्मद बालिद पुत्र स्व मोहम्मद अयूब को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया एवम वही दूसरी ओर थाना पुलिस को एक और सफलता मिली उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त कल्लन साहू पुत्र रमेश लाल शाह को को माननीय न्यायालय अऊख कक्ष संख्या 15 इलाहाबाद के एसटी नंबर . 369/2011 मुकदमा अपराध संख्या 143/10 धारा 498ए , 307,304,506,323,312 के भादवि को गिरफ्तार कर थाना पुलिस टीम द्वारा अग्रिम करवाई जारी है।

ईदगाह परिसर का पुरातात्विक सर्वे कराने के मामले में सुनवाई दो अगस्त को

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह का सर्वे कराने की अर्जी तय कराने की मांग में दाखिल याचिका की सुनवाई टल गई है। अगली सुनवाई दो अगस्त को होगी। याची अधिवक्ता ने स्वयं ही सुनवाई टालने की प्रार्थना की। यह आदेश न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने श्री कृष्ण विराजमान व अन्य की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया है। जिसमें विवादित शाही ईदगाह परिसर का पुरातात्विक सर्वे कराने की मांग की गई है। अर्जी में दावा किया गया है कि विवादित परिसर पहले मंदिर था। मंदिर को तोड़कर शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया था। जिस जगह अभी मस्जिद है वहां द्वापर युग में कंस ने भगवान श्री कृष्ण के माता-पिता को कैद कर रखा हुआ था। वह भगवान श्री कृष्ण का जन्म स्थान है।

राजेंद्र बने पीडीए कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष

प्रयागराज। राजेंद्र कुमार प्रयागराज विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चुने गए। इंदिरा भवन स्थित पीडीए के कार्यालय में सोमवार को हुए संगठन के चुनाव में विजय शंकर शुक्ला महामंत्री चुने गए। निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला के अनुसार आशुतोष तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवचरण पाल उपाध्यक्ष प्रथम, मनीष कुमार उपाध्यक्ष द्वितीय, मुकेश कुमार रावत लेक्षा परीक्षक, छवि कुमार शर्मा, संयुक्त मंत्री, धर्मेंद्र मौर्या संगठन मंत्री, अजय सिंह कोषाध्यक्ष तथा मोहम्मद अकरम प्रचार मंत्री चुने गए।

मनकामेश्वर धाम लालापुर में सावन के दूसरे सोमवार को पहुंचे श्रद्धालु

लालापुर। लालापुर स्थित मनकामेश्वर धाम में चल रहे सावन मेले में दूसरे सोमवार के दिन शिव भक्तों की भारी भीड़ दर्शन पूजन के लिए पहुंची। इस बीच बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ भक्तों ने जलाभिषेक किया। बारा तहसील के लालापुर गांव के पश्चिमोत्तर एक छोटी पहाड़ी पर स्थित स्वंयम्भू शिवलिंग (मनकामेश्वर धाम) स्थल पर सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से शिव भक्तों की भीड़ दर्शन पूजन के लिए पहुंची । इस बीच त्रिवेणी तट से गंगाजल भर के कांवरियों का जत्था मनकामेश्वर धाम बोल बम नारे के साथ पहुंचा और गंगा जल का अभिषेक शिवलिंग पर किया । क्षेत्रीय लोगो का मानना है कि इस स्थल पर पहुंचने वाले शिव भक्तों की सारी मन्नते भगवान मनकामेश्वर पूरी करते हैं। सुरक्षा के लिए मुस्तैद रही पुलिस मनकामेश्वर धाम मेले की सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस के साथ कई सुरक्षा कर्मी मेले में मुस्तैद रहे । मेले में व दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इसके लिए मंदिर के प्रबंधक प्रधान शंकरलाल पांडेय व मेले के पुजारी हरिकुश द्विवेदी भी मंदिर परिसर में अपने सहयोगियों के साथ मौजूद रह।

आज मनकामेश्वर में लालापुर के शिवभक्त करेंगे जलाभिषेक

लालापुर। लालापुर पंचपुरी के शिवभक्तों का एक जत्था सोमवार को प्रयागराज के लिए रवाना हुआ।शिव भक्तों की टोली प्रयागराज से जल भरकर 40 किलोमीटर पैदल यात्रा कर आज लालापुर के मनकामेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।कहा जाता है कि जो भी सावन के पवित्र महीने में कावंड़ में जल भरकर भगवान शिव को अर्पित करता है भोलेनाथ उसकी मनोकामना जरूर पूर्ण करते हैं।हर साल सावन माह में लालापुर पंचपुरी के लोग कावंड़ में जल भरकर जलाभिषेक करते हैं और अपने परिवार के कल्याण के लिए भगवान भूतेश से प्रार्थना करते हैं।

भू-जल संरक्षण के लिए स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। भूजल संरक्षण महाअभियान के तहत सोमवार को चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, सिंधी टोला, शंकरगढ़ के बच्चों ने नगर के विभिन्न मोहल्लों मे पर्यावरण जागरूकता और भूजल संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने शंकरगढ़ के कई वार्डो में भ्रमण किया और स्थानीय लोगों को जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए जल संरक्षण को लेकर कई तरह की जानकारी दी। बच्चों ने कहा कि हमारे द्वारा रोपे गए पौधे आने वाली पीढ़ी को ऑक्सीजन भी उपलब्ध कराएगा। इससे पूर्व प्रबंधक पीसी मिश्र ने रैली को रवाना करते हुए कहा कि मनुष्य को यदि अपने भविष्य को बचाना है तो जल की एक- एक बूंद की उपयोगिता को समझना पड़ेगा। परिसर में बच्चों द्वारा पौधरोपण का भी कार्यक्रम रखा गया,जिसमें स्कूल के शिक्षक और अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।इस मौके पर शिक्षक अनुज मिश्रा, अंकुश मिश्रा, वेद प्रकाश, जय केसरवानी, रवि सिंह, ओपी सिंह, अनुराग तिवारी, राहुल राव, बीएल सोनी, सुशांत वर्मा, योगेश पांडे, विपिन, अंजू गुप्ता, जीतू सिंह, साक्षी पांडे, गुलचमन, जान्हवी जयसवाल, नीतू सिंह, शिवानी केसरवानी, वैशाली, निकिता पांडे के साथ छात्र-छात्राओं में ओम केसरवानी, साहिल सिंह, कुणाल पांडे, उज्जवल सोनी, शिखर केसरवानी, अभय सिंह, आदर्श त्रिपाठी, अभिनेंद्र सिंह, तरुण प्रजापति, श्याम, ओम केसरवानी, विजय सिंह, आदर्श, अमन सिंह, नितिन, नवीन, पारस, सिम्मी, संजीवनी, श्रेया,आरती, सुहानी, मान्यता, रांची, अंशिका, रोशनी, दीक्षा, अनुष्का, तनिष्क, आंचल, अदिति, स्मृति आदि मौजूद रहे।

सम्मानित किये गए पुलिस अधिकारी व साहित्यकार

दौना काण्ड की 90 वर्षीय पीड़िता को अंगवस्त्र पहना कर किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और डॉ.अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के संयुक्त तत्वावधान में दो पाली में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में एक ओर छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उ.प्र. तथा जेएनयू सहित कई विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शोधकताओं तथा दलित साहित्कारों तथा विभिन्न क्षेत्रों में सोसल एक्टविस्ट के रूप में कार्य करने वाली महिलाओं व सामाजिक कार्यकताओं तथा प्रशासनिक सेवाओं में रहते हुए पे बैक टू सोसायटी के लिए संविधान के दायरे में अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन करते हुए पीड़ितों की सहायता करने वाले पुलिस अधिकारियों में प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक वरिष्ठ आईपीएस प्रेम प्रकाश, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ के अपर पुलिस अधीक्षक डा. बी. पी. अशोक व प्रयागराज के एसपी क्राइम सतीश चन्द्र को प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा डा. अम्बेडकर सम्मान सेवा सम्मान-2022 देकर सम्मानि किया गया तो वहीं दूसरी ओर वर्ष 1994 में घूरपुर थानान्तर्गत दौना काण्ड की पीड़िता शिवपतिया को अंगवस्त्र पहना कर उसका विशिष्ट सम्मान पुलिस अधिकारियों द्वारा किया गया। गौरतलब है कि पीड़ित शिवपतिया ने सामन्तो के जुल्म का डटकर निर्भीकता पूर्वक मुकाबला करते हुए भारतीय संविधान में दिए प्राविधानों के अंतर्गत आरोपियों के विरुद्ध कानूनी ढंग से लड़कर हाईकोर्ट द्वारा सजा दिलवाकर अपने सम्मान की जंग जीती। उक्त अवसर पर उपस्थित युवा साहित्यकारों में डा. आशीष कुमार "दीपांकर" और असि. प्रोफेसर दिनेश कुमार को डा. अम्बेडकर साहितरत्न सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस सेमिनार में उमरे से राजेश चौधरी, ब्रजेन्द्र बहादुर, अमर नाथ, बीएसएनएल से रामचन्द्र, श्रीशचंद्र, एलआइसी से दिनेश कुमार,इलाहाबाद केंद्रीय विवि से डा.विक्रम, सीएमपी से दीनानाथ, डा. एसपी सिद्धार्थ, एल.के. अहेरवार आदि सैकड़ों की। संख्या में बौद्धिक वर्ग उपस्थित रहे।

प्रतापगढ़ संदेश

जिले के चारों धामों में हुआ हर-हर महादेव का शंखनाद

सावन के दूसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़/लालगंज। सावन के दूसरे सोमवार पर बाबा घुइसरनाथ धाम, बेलखरनाथ, हौदेष्वरनाथ, भयहरणनाथ धाम आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं का दिन भर जमघट दिखा। बाबा धाम में महादेव की भोर की आरती होते ही धाम हर हर महादेव से गूंजने लगा।

सुबह से ही कांवडिया श्रद्धालु बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर गंगा जल से देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करते दिखे। वहीं बडी संख्या में महिलाओं ने भी भगवान घुइसरनाथ को बेल पत्र तथा पुष्प आदि चढ़ाकर मन्नतें मांगी। सावन के दूसरे सोमवार को लेकर बडी संख्या मे कांवडिया रविवार की रात से ही बाबा धाम पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं के रैनबसेरा को लेकर पुलिस व प्रशासन भी सतर्क रहा। प्रातः बेला से ही बाबा की नगरी बोल बम तथा हर हर महादेव

सावन के दूसरे सोमवार पर बाबा धाम में परवान चढ़ी आस्था।

के शंखनाद से गूंजती रही। वहीं सावन के दूसरे सोमवार पर सई नदी में फिर जलकुम्भी का घेरा बन गया। इससे प्रशासन के प्रबन्धों की कलई तो खुली ही वहीं श्रद्धालुओं को नदी मे स्नान तथा जल भरने को लेकर कठिनाईयों की भी पीड़ा सामने आयी दिखी। बाबा धाम में सावन के दूसरे सोमवार को लेकर सीओ रामसूरत सोनकर भी भारी फोर्स के साथ दोपहर तक धाम में डटे दिखे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से सांगीपुर थानाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह के साथ लालगंज तथा उदयपुर व संग्रामगढ़ थाने से फोर्स भी तैनात दिखी। मंदिर मेला क्षेत्र में पीएसी की भी तैनाती देखी गयी। वहीं मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि के साथ शिवभक्तों ने भी गर्भ गृह से लेकर परिक्रमा क्षेत्र तक श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन को लेकर सहयोग मे दिखे। इनमें फूलचंद्र पाण्डेय, बाबा अनिल गिरि, संगम, अम्बुज मिश्र, प्रेमचंद्र यादव, संदीप पाण्डेय आदि सक्रिय दिखे। लालगंज सांगीपुर हाइवे पर मंदिर के प्रवेश द्वारों पर पुलिस बैरियर के जरिए यातायात प्रबन्धन के भी प्रबन्ध दिखे।

विधायक के काफिले की स्कार्पियो असंतुलित होकर पलटी, दो घायल

विधायक आरके वर्मा के क्षेत्र भ्रमण पर आते समय हुई घटना

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिह, प्रतापगढ़। अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर देल्हूपुर के गजेहड़ा जंगल के पास सोमवार को रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा के काफिले में चल रही एक स्कार्पियो खेत में जाकर पलट गई, जिसमें दो लोग घायल हो गये।

रानीगंज विधायक डॉक्टर आरके वर्मा सोमवार की दोपहर क्षेत्र भ्रमण के लिए काफिले के साथ जा रहे थे। फैजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर देल्हूपुर कोतवाली अंतर्गत गजेहड़ा के पास काफिले के साथ चल रही स्कॉर्पियो अचानक डिवाइडर पार कर सड़क के किनारे खेत में पलट गई। विधायक के छोटे भाई विनोद कुमार मोनू की स्कॉर्पियो

पल्टी स्कार्पियो का जायजा लेते विधायक डा0 आरके वर्मा।

में उनके समर्थक बैठे थे। घटना के समय मौजूद सहयोगियों ने दौड़कर गाड़ी में बैठे लोगों को बाहर निकाला। लोगों को हल्की चोटें थी। सभी बाल बाल बच गए।

एक सहयोगी दिनेश कुमार को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। विधायक डा आर के वर्मा ने बताया कि सभी सहयोगी सुरक्षित हैं। मामूली चोटहिल साथियों को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। बता दें कि सोमवार को बारिष हुई थी। तेज रफ्तार स्कार्पियो कैसे असंतुलित हुई, अभी यह तो नहीं पता चला लेकिन लोगों का कहना है कि गाड़ी पानी में फिसल जाने से असंतुलित होकर खेत में जाकर पलट गई।

नौनिहालों को संस्कार से दूर कर रहे है प्राथमिक शिक्षक

जमीन पर तितर-बितर बैठकर एमडीएम खाते बच्चों की फोटो हुई वायरल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। भटनी क्षेत्र के चुर्री चैराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में जहां अव्यवस्था देखी गई वहीं पर नौनिहालों के अंदर संस्कार का अधूरा ज्ञान भी नजर आया। अब ऐसी स्थित में शिक्षक को दोषी मानें या फिर बच्चों को? जमीन पर तितर-बितर बैठकर एमडीएम खाते बच्चों से विधायक की मुलाकात की फोटो खींच कर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

रामपुर-संग्रामगढ़ क्षेत्र के चुर्री चैराहा स्थित प्राथमिक विद्यालय में अव्यवस्था का आलम इस कदर है कि नौनिहालों को दोपहर का भोजन जमीन पर बैठ कर खाना पड़ता है। विद्यालय में टाटपट्टी है या नही फिलहाल देखने से ऐसा ही लगता है कि बच्चो को टाटपट्टी नसीब नही होती है। यही नहीं, स्कूल के पूरे प्रांगण में जहां भी बच्चे बैठे रहते हैं वहीं पर उन्हें एमडीएम परोस दिया जाता है। संयोग से सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर आई क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा की गाड़ी विद्यालय की तरफ मुड़ गई। भोजन कर रहे बच्चों से मुलाकात करने लगी। इसी बीच किसी ने विधायक संग बच्चों की मुलाकात की फोटो खींच कर विद्यालय का नाम रामपुर-संग्रामगढ़ क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय चुर्री चैराहा लिख कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वायरल फोटो में एमडीएम के दौरान बिना टाटपट्टी के तितर-बितर बैठे बच्चों के अंदर जहां संस्कार का अभाव दिखाई दे रहा है वही विद्यालय की अव्यवस्था भी साफ नजर आ रही है। स्कूल के शिक्षक भी जरा सा संजीदा नही दिख रहे है। इस संबंध में बीएसए ने बताया कि बच्चो को टाटपट्टी पर व कतार में बैठाना चाहिए, यदि ऐसा नही है तो वायरल फोटो की जाँच कर कार्रवाई की जायेगी।

आलोक हत्या कांड का एक अभियुक्त औरंगाबाद से गिरफ्तार

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिबियापुर परियावां निवासी आलोक कुमार पांडेय उर्फ शानू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद पांडेय (28) वर्षीय की मानिकपुर अपने जनसेवा केंद्र से दुकान बन्द कर घर को लौटते समय 16 जुलाई 22 की रात मिश्रपुर परसई सडक पर आम की बाग के सामने दो पल्सर सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसमे मृतक के पिता राजेन्द्र प्रसाद पांडेय की तहरीर पर पुलिस दो अभियुक्त तरबेज अहमद उर्फ तब्बू पुत्र दिलशाद व भाई जीशान अहमद पुत्र दिलशाद मानिकपुर निवासी को गिरफ्तार किया गया था। घटना में एक और अभियुक्त के प्रकाश आने पर नवाबगंज पुलिस टीम औरंगाबाद गईं जहॉ शारिख पुत्र जावेद हसन शाहाबाद मानिकपुर निवासी को रविवार को गिरफ्तार कर नवाबगज ले आई जहाँ लिखा पढ़ी की गई।

कैम्पस प्लेसमेण्ट में छत्तीस छात्रों का चयन, खुशी

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित एसबीएम पालीटेक्निक में कैम्पस प्लेसमेंण्ट का आयोजन किया गया। इसके तहत संस्थान के छत्तीस छात्रों का विभिन्न कम्पनियों ने चयनित किया। सफलता पर पालीटेक्निक संस्थान में प्रसन्नता देखी गयी। छात्रों के चयन का मानक तय करने के दौरान पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य इं. रिजवान, इं. संतोष यादव, मयंक त्रिपाठी, संगम दुबे भी मौजूद रहे।

प्रताप बहादुर पार्क में अंडर ग्राउण्ड पार्किंग करने की व्यापारियों ने उठाई मांग

नगर पालिका के सभागार में व्यापारियों संग ईओ ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका की अध्यक्षता में नगर के व्यापारियों की बैठक आहूत की गई जिसमें प्रमुख रुप से नगर में पार्किंग की व्यवस्था को लेकर विधिवत चर्चा की गई तथा 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान में 15 अगस्त को हर घर में तिरंगा लगाने की बात अधिशासी अधिकारी द्वारा बताई गई।

इस दौरान ईओ द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में भी बताया गया। उपरोक्त बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनजीत सिंह छाबड़ा, राजेंद्र केसरवानी, विजय सिंह ट्रांसपोर्ट अध्यक्ष, विनय

व्यापारियों की बैठक में बोलते नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह।

सिंह सदस्य व्यापार मंडल, सभासद के अलावा नगर अध्यक्ष तुषार खंडेलवाल के अलावा व्यापार मंडल के लगभग 25 सदस्य उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रताप बहादुर पार्क में एक महिला शौचालय तथा अंडर ग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था की जाए तथा जीआईसी एवं जीजीआईसी के पिछले हिस्से में खाली पड़ी भूमि पर पार्किंग के रूप में उपयोग किया जाए जिससे शहर की जाम से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका प्रतापगढ़ के राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सफाई व खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह, आशीष मिश्रा, सुरजीत सिंह, प्रशांत सिंह व अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

अनाज तक पर टैक्स थोपकर बीजेपी सरकार ने गरीब का चूल्हा किया ठण्डा: मोना

विधायक ने जीएसटी तथा बिजली पर सरकार पर किया प्रहार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा के राज में गरीब आदमी के चूल्हे की आंच तक ठण्डी पड गयी है। सरकार के द्वारा खाद्यान्न उत्पादों पर जीएसटी का बोझ लादकर जहां किचन का बजट बढ़ा दिया गया है। वहीं रसोई गैस के दामों मे एकाएक अभूतपूर्व वृद्धि के साथ रोजमर्रा की चीजों को भी खरीदने मे गरीब व मध्यम वर्ग असहाय की स्थिति मे खडा हो गया है।

लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करतीं विधायक आराधना मिश्रा मोना।

सोमवार को निर्वाचन क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची सीएलपी नेता मोना ने कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियो के कारण लगातार टूटती अर्थव्यवस्था को भी आजाद भारत में पहली बार अनाज तक पर टैक्स थोपने की कडी आलोचना की। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना ने कहा कि जीएसटी मे जिस तरह से बढोत्तरी जारी है और रोजगार का क्षेत्र अस्तित्व से बाहर होने की स्थिति मे है। इसके पूर्व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

महिला की पिटाई को लेकर केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने बकरी चराने के विवाद में आरोपियो द्वारा घर मे घुसकर महिला की पिटाई व घरेलू सामान में तोडफोड को लेकर रविवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के जसमेढ़ा निवासी राकेश विश्वकर्मा की पत्नी संगीता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नींस जुलाई को दिन मे तीन बजे गांव के शिवप्रसाद धुरिया पुत्र रामखेलावन तथा शिवप्रसाद की पुत्री सोनी एवं पत्नी प्रिया व पुत्र रीशू ने बकरी चराने के विवाद को लेकर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियो ने घर मे घुसकर पीड़िता व उसकी पुत्री को लाठी डण्डे से मारापीटा। आरोपियो ने घर मे रखा सामान भी तोडकर नष्ट कर दिया। आरोपी शोरशराबा होने पर जानलेवा धमकी देते चले गये।

बेल्हा छोड़ जौनपुर और अकबरपुर स्टेशन को चमकाने में जुटा रेलवे

जून में पूरी होनी थी प्रतापगढ़ यार्ड की रिमॉडलिंग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्थानीय रेलवे स्टेशन को चमकाने का कार्य छोड़ कर रेलवे ने अकबरपुर और जौनपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर करने जा रही है। उसके बाद यहां का नंबर आ सकता है। रेलवे के इस फैसले से यहां की रिमॉडलिंग का कार्य करीब चार महीने पीछे चला गया है। प्रतापगढ़ का कार्य सितंबर और अक्टूबर माह में शुरू हो सकेगा, ऐसी संभावना है।

प्रतापगढ़ यार्ड के कायाकल्प की फाइल पिछले दो साल तैयार है। बीच में कोरोना लहर आ गई। जिससे कार्य पीछे हो गया। वर्ष 2022 में सुनाई पड़ा था कि मार्च महीने में रिमॉडलिंग शुरू हो जायेगी। लेकिन किन्हीं कारणों से ऐसा नहीं हो पाया। रेलवे बोर्ड ने तीन महीने के बाद जून के लास्ट वीक में यहां की रिमॉडलिंग हर सूरत में पूरी कराने की बात कही। निर्माण इकाई से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इससे संबंधित फाइल और कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम तक बना दी गई। सभी लोग पूरी तैयारी से थे, लेकिन अचानक से पता नहीं क्या हुआ। अधिकारियों ने यहां का कार्य छोड़कर जौनपुर और अकबरपुर रेलवे स्टेशन को चमकाने का फैसला ले लिया है। नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया है कि उन दोनों स्टेशनों की रिमॉडलिंग को बोर्ड की तरफ से तरजीह दी जा रही है। उसके बाद कहीं जाकर प्रतापगढ़ स्टेशन का नाम आयेगा, जिसमें चार महीने का समय लग सकता है।

शिव भक्तों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे भक्तगण

पट्टी, प्रतापगढ़। मन में सेवा भाव हो और श्रद्धा और भक्ति की भावना के साथ हृदय में सम्मान हो तो सेवा करने की पहल हो ही जाती है। पट्टी के रहने वाले विजय यादव साहिबाबाद में बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए लालायित भक्तों के लिए सहारा बने हुए हैं। इसके लिए वह जहां एक तरफ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर रहे हैं तो वही उनके लिए मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करा रहे हैं जिसकी हर कोई प्रशंसा कर रहा है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड के कोपा गांव के रहने वाले विजय यादव गाजियाबाद शहर के साहिबाबाद में लैब टेक्नीशियन है। सावन के महीने में कांवड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को पैदल आने जाने वालों के लिए उन्होंने मेन रोड साहिबाबाद पर प्रसाद वितरण शुरू करवाया है तथा निशुल्क पानी की बोतल उपलब्ध कराने के साथ-साथ वाह अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध करा रहे हैं। इसके साथ साथ कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के पैरों में छाले पड़ जाने पर तथा उन्हें हर प्रकार की मेडिकल की सेवाएं उन्हें मुफ्त में दे रहे हैं। उनके इस कार्य में उनके साथी नवनीत शुक्ला, डॉक्टर सचिन, आशीष यादव, संदीप यादव, संजय, विप्रो शुक्ला भी उनका साथ निभा रहे हैं।

बाइक असंतुलित होने से वृद्ध की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होने से वृद्ध की हाइवे पर गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के सड़वा दुबान निवासी तेज प्रताप सिंह 80 रविवार की देर रात अपने नाती हंसराज के साथ बाइक से घर जा रहे थे। लालगंज से लौटते समय कोतवाली के नेशनल हाइवे पर सरस्वती डिग्री कालेज के समीप बाइक के सामने अचानक सामने एक बाइक आ गयी।

बाइक चला रहा नाती हंसराज सिंह हडबडा गया और बाइक असंतुलित हो गयी। तेज प्रताप सिंह बाइक से नीचे गिर गये। चोट अधिक लगने के कारण मौके पर ही तेजप्रताप की मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने मृतक का पीएम कराने से मना कर दिया। इसके बाद परिजन मृतक का शव लेकर घर चले गये। वहीं तेज प्रताप की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया।

करंट लगने से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

जेठवारा। थाना क्षेत्र के हारी का पुरवा निवासी विनोद कुमार यादव उम्र 32 वर्ष पुत्र रामनरेश यादव सोमवार सुबह अपने धान के खेत में यूरिया का छिड़काव कर रहा था। खेत के ऊपर से गई विद्युत लाइन का तार टूट कर खेत में गिरा था, अचानक उसका पैर तार पर पड़ जाने से वह करंट की चपेट में आ गया और खेत में ही गिर पड़ा। आसपास के लोग दौड़ कर उसे खेत से बाहर निकाले और डॉक्टर के पास ले गए। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दो मासूम बच्चों के पिता विनोद कुमार की अचानक मौत की घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत कर्मियों की लापरवाही के कारण वह तार कई दिनों से टूट कर लटक रहा था और रात में हुई बारिश के कारण खेत में गिर गया था। सूचना पर पहुंची जेठवारा पुलिस शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

घुघरी लोक उत्सव में प्रतिनिधि व अधिकारियों को मिलेगा प्रतापगढ़ गौरव सम्मान

2 अगस्त को भयहरणनाथ धाम में होगा घुघुरी लोक उत्सव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पाण्डव कालीन भयहरणनाथ धाम में नाग पंचमी के पावन पर्व पर परम्परागत रूप से प्रति वर्ष मनाये जाने वाला घुघुरी लोक उत्सव दो अगस्त को मनाया जायेगा। उत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही है, स्थानीय व नामी कलाकार अपनी तैयारियों में जुट गए हैं।

इस अवसर पर विविध धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। जनपद की सात विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रतापगढ गौरव सम्मान व समीवर्ती प्रयागराज व प्रतापगढ जनपद की विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को गुडिया

घुघरी लोक उत्सव के कलाकारों के बीच महासचिव समाज शेखर।

सम्मान से नवाजा जायेगा। यह जानकारी देते हुए धाम की प्रबन्ध समिति के संस्थापक महासचिव समाज शेखर ने बताया कि भयहरणनाथ धाम की प्रबन्ध समिति की बैठक में घुघुरी लोक उत्सव के कार्यक्रमों को अन्तिम रूप दिया गया है। प्रबन्ध समिति व प्रतापगढ गौरव सम्मान समिति की संयुक्त बैठक में प्रतापगढ के विकास में अद्वितीय व अनुकरणीय भूमिका निभाने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों राजनीति के क्षेत्र में राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी व कुन्डा विधायक व राष्ट्रीय अध्यक्ष जन सत्ता दल रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया को सर्व सम्मति से चुना गया। वहीं पुलिस व कानून व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा निरन्तर अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता हेतु पुलिस अधीक्षक सतपाल अन्तिल को चुना गया है। महासचिव समाज शेखर ने बताया कि प्रति वर्ष की भाँति गुडिया के इस पर्व पर समाज व देश के विकास में विशिष्ट योगदान देने वाली सात महिलाओं को गुडिया सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

दरोगा पर घूस मांगने का आरोप

प्रतापगढ़। बाघराय थाने के एक दरोगा पर घूस मांगने का पीड़ित ने आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि थानाध्यक्ष के नाम पर दरोगा ने घूस मांगा है। उसने बाघराय पुलिस के भ्रष्टाचार पर उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई ह। पीड़ित का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला बाघराय थाना क्षेत्र के अत्ता नगर गांव का है।

खबर संक्षेप

सरकारी स्कूल का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर राशन सामग्री उठा ले गए चोर

कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने रसोई कमरों का ताला तोड़ दिया और सरकारी स्कूल के अंदर पहुंच गए प्रधानाचार्य के कमरे आफिस की अलमारी का ताला तोड़ दिया। सरकारी स्कूल के रसोईया का ताला तोड़कर तीन गैस सिलेंडर एक बोरी अरहर की दाल सहित अन्य राशन सामग्री चोर उठा ले गए हैं। जब सुबह प्रधानाध्यापिका सोनी केसरवानी विद्यालय पहुंची तो देखा कि विद्यालय का शटर का ताला टूटा था ऑफिस का ताला टूटा है अलमारी और रसोइया का भी ताला टूटा है मौके से तीन गैस सिलेंडर व राशन सामग्री गायब है। मामले की सूचना उन्होंने पुलिस को दी है।

शराब के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विश्वनाथ पुत्र दुखी पासी निवासी ऊनौं थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला सिपाही ने की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। कड़ा धाम कोतवाली में तैनात एक महिला सिपाही ने बीती रात्रि आत्महत्या कर लिया है महिला सिपाही के आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस आला अधिकारियों के साथ थाना पुलिस पहुंची है और मामले की सूचना महिला सिपाही के परिजनों को दिया है महिला सिपाही के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं उनकी मौजूदगी में महिला सिपाही के शव को कब्जे में लेकर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला सिपाही ने क्यों आत्महत्या किया है किस की प्रताड़ना से महिला सिपाही त्रस्त थी महिला सिपाही की मौत के बाद यह तमाम सवाल अनुत्तरित रह गए हैं। कड़ा धाम थाना में 2019 से तैनात महिला सिपाही रुचि सचान तैनात थी देवीगंज बाजार में महिला सिपाही किराए के कमरे में रहती थी बीती देर रात किराए के मकान में महिला सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जानकारी मिलने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया वहीं मौके पर पहुंचे पुलिस उच्चाधिकारियो ने बताया महिला सिपाही 2019 से कड़ा धाम थाना

3 वर्षों से कड़ा धाम कोतवाली में तैनात रही महिला सिपाही

मृतक महिला सिपाही की फाइल फोटो

महिला सिपाही की मौत के बाद घटनास्थल पर जुटी पुलिस

में तैनात थी महिला सिपाही के परिजन उससे बात करने के लिए फोन लगा रहे थे लेकिन महिला सिपाही का फोन नहीं उठा जिस पर उसके परिजन परेशान हो गए जिस पर बीती रात महिला सिपाही के परिजनों ने थाना पुलिस को बताया कि महिला कांस्टेबल फोन नही उठा रही है इस पर थाना प्रभारी ने दूसरी महिला कांस्टेबल को उसके प्राइवेट कमरे देवीगंज स्टेटबैंक के सामने भेजा किंतु दरवाजा अंदर से बंद था काफी देर तक आवाज देने के बाद भी कमरे में बंद महिला सिपाही की ओर से कोई उत्तर नहीं मिला जिस पर सिपाही थाना वापस लौट आई और उन्होंने थाना प्रभारी को स्थिति से अवगत कराया जिसकी सूचना थाना प्रभारी ने जिले के पुलिस उच्चाधिकारियों को दी एसपी हेमराज मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी कानपुर के बर्रा फेस 2 से आये परिजनों की मौजूदगी में महिला सिपाही के कमरे के दरवाजे को तोड़ दिया गया जब कमरे के अंदर पुलिस पहुंची तो देखा महिला सिपाही फंदे से लटक रही है महिला सिपाही की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया कि आखिर महिला सिपाही ने क्यों आत्महत्या की है महिला सिपाही को कौन प्रताड़ित कर रहा था थाना पुलिस ने महिला सिपाही के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है महिला सिपाही के आत्महत्या किए जाने से पूरे महकमे में शोक की लहर है।

अधेड़ महिला की मौत के बाद जुटी भीड़

बीमारी से तंग अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव में बीमारी से तंग एक अधेड़ महिला ने फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली,सुबह परिजनों ने देखा तो हड़कंप मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है और जांच शुरू कर दी। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव की सुनीता देवी (48) पिछले कई सालों से बीमार चल रही थी,सुनीता का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है,रविवार की रात सुनीता ने फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली,सुबह परिजनों ने शव लटकता देखा तो कोहराम मच गया,परिजनो की सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

भरवारी में खाटू श्याम रात्रि जागरण में उमड़ी भक्तों की भीड़

भारी बारिश के बावजूद भी डटे रहे भक्त रात भर चला खाटू श्याम कार्यक्रम का जयकारा गूंज उठा कस्बा

अखंडाारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के मेहता रोड स्थित लखनलाल गेस्ट हाउस में रविवार की रात्रि प्रयागराज से पधारे भजन सम्राट युवा दिलों की धड़कन गणेश श्रीवास्तव एंड पार्टी की ओर से एक से बढ़कर एक खाटू श्याम का भजन भक्तों की तरफ पेश किया गया खाटू श्याम के कार्यक्रम में भक्तों के जयकारे से पूरा पांडाल गूंज रहा था एक तरफ भगवान इंद्र मेहरबान रहे और रात भर पानी बरस रहा था बरसात रुकने का नाम नहीं ले रही थी लगातार बारिश के चलते भक्त विचलित नहीं हुए और भक्तों का आगमन बढ़ता ही गया। खाटू श्याम की भव्य निशान शोभा यात्रा सुबह 11 बजे पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण पुरानी बाजार से निकाली गयी। इस दौरान शोभा यात्रा का पूरे नगर में भ्रमण हुआ। स्थानीय श्याम भक्तों के द्वारा जगह-जगह प्रसाद का वितरण भी किया गया। डीजे की धुन पर नाचते गाते भक्त खाटू वाले श्याम की भक्ति में डूबे दिखे। राजू सक्सेना



पत्रकार ने गणेश श्रीवास्तव को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं देर रात भरवारी मेहता रोड़ लखन लाल चेयरमैन गेस्ट में खाटू वाले श्याम का रात्रि जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रयागराज से पधारे भजन सम्राट युवा दिलों की धड़कन गणेश श्रीवास्तव एंड पार्टी की ओर से कृष्णा परिवार आर्केस्ट्रा पार्टी ने सुंदर-सुंदर भजनों के माध्यम से उपस्थित भक्तों को नाचने पर मजबूर कर किया। कार्यक्रम में देर रात्रि तक विशाल भंडारें का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन भरवारी कैलाश चंद्र केसरवानी पूर्व विधायक संजय गुप्ता की पत्नी सपना गुप्ता, गौरव केसरवानी उर्फ मोनू गैस,बब्बू अग्रवाल अनिल केशरवानी पिंटू अरोरा सुरेश लोहा अतिन केसरवानी सुशील आस्था प्रेम नारायण विपिन केसरवानी गुड्डन केसरवानी पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद उर्फ काले केसरवानी सुरेश अग्रहरि उपांशु, सागर केसरवानी, सुरेश अग्रवाल,अमन केसरवानी, रमेश अग्रवाल, दीपक वर्मा, राजू सक्सेना पत्रकार निशांत, पंकज जायसवाल अनिल केसरवानी उर्फ पूरन, नीरज कौशल सहित नगर की सैकड़ो महिलाएं भी मौजूद रही।

डेढ़ घंटे की बारिश में बह गई जोड़ की सीमेंट

कौशांबी। मंझनपुर नगर पालिका परिषद के विकास के लिए शासन से लेकर जिले के अधिकारी कार्ययोजना बना रहे हैं बजट आने के बाद नगर पालिका के अधिकारियों की बद नियति शुरू हो जाती है और उल्टे सीधे कार्य योजना बनाकर सरकारी खाते से रकम निकालने की योजना बनाने तक नगर पालिका के अधिकारी सीमित हो जाते हैं नगर पालिका क्षेत्र के झूठे विकास के नाम पर पहले ही करोड़ों की रकम पानी की तरह बर्बाद की जा चुकी है लेकिन देखने वाले भी भ्रष्ट अधिशासी अधिकारी पर कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पा रहे हैं लोगों की माने तो कथित भाजपाइयों के संरक्षण में अधिशासी अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। मंझनपुर चौराहा से तहसील तक डामर सड़क और इंटरलॉकिंग के बीच जोड़ के हिस्से में सीमेंट बालू का मिश्रण मिलाकर बीते महीने समतल करने का प्रयास नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा किया गया था लेकिन एक महीना नहीं बीता डामर सड़क और इंटरलॉकिंग के बीच में लगाई गई सीमेंट का मिश्रण डेढ़ घंटे की बरसात में बह गया है योजना के नाम पर लाखों रुपए का बजट नगरपालिका के अधिकारियों ने बर्बाद कर दिया है।

न्यूज झरोखा

शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर लाया जाए सुधार : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा आपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा आपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर कराये जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल नहीं है, उन सभी विद्यालयों में आ रही समस्याओं को दूर कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर कराये जा रहें, जो कार्य शेष रह गये, उन सभी कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि बच्चों का आधार कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाई जाए जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि और अधिक संख्या में विद्यालयों का निरीक्षण किया जाय। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण विशेष कर विद्यालय खुलने के समय पर ही किया जाय। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर सुधार लाया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सत्य को उजागर करना पत्रकारों की है नैतिक जिम्मेदारी : सुशील केसरवानी

अखंड भारत संदेश

अधिकारियों थाना पुलिस के बेहद शर्मनाक कारनामे की योगी सरकार से की जाएगी शिकायत, खबर कवरेज में पत्रकारों को विशेष तवज्जो देने के योगी सरकार के निर्देश के बाद कौशांबी के अधिकारी पत्रकारों का नहीं कर रहे सहयोग

बैठक के बाद बाहर निकलते पत्रकार

कौशांबी। भारतीय पत्रकार संघ की एक बैठक जनपद मुख्यालय मंझनपुर में अखंड भारत संदेश समाचार पत्र के कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में तमाम पत्रकार उपस्थित हुए और अपने अपने विचार व्यक्त किया पत्रकारों ने कहा कि बदलते परिवेश में सत्य समाचार उजागर करने वाले पत्रकार वर्तमान समय में अधिकारी और नेताओं के निशाने पर हैं सत्य समाचार के प्रकाशन पर रोक लगाने का भरसक प्रयास शुरू हो गया है भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और नेता सत्य खबर प्रकाशित करने से बौखला जाते हैं और दोषी जनों के कारनामो की जांच कराकर उन्हें दंडित करने के बजाय पत्रकारों की खबर को रोकने का प्रयास करते हैं बैठक में पत्रकारों ने कहा कि योगी सरकार ने पत्रकारों को विशेष तवज्जो देने का निर्देश अधिकारियों को दिया है योगी सरकार ने कहा है कि पत्रकारों के फोन को अधिकारी उठाया और उन्हें संतोषप्रद जवाब दें लेकिन जिले के तमाम थानेदार और अन्य अधिकारी पत्रकारों से बात नहीं करना चाहते उनके फोन नहीं उठाते हैं इतना ही नहीं किसी समाचार पर थाना पुलिस और अधिकारियों से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए जानकारी मांगने पर बहानेबाजी शुरू हो जाती है पत्रकारों ने कहा कि अधिकारियों थाना पुलिस का यह कारनामा बेहद शर्मनाक है और इस मामले की शिकायत योगी सरकार से की जाएगी बैठक में पत्रकारों ने कहा कि समाचार प्रकाशन में किसी प्रकार का दबाव सोशण नहीं बर्दाश्त किया जाएगा और निष्पक्ष तरीके से खबरों का प्रकाशन होगा बैठक में राजू सक्सेना संतलाल मौर्या सुबोध केसरवानी गणेश साहू अजीत कुशवाहा विष्णु सोनी विजय कुमार समीर अहमद सुशील कुमार मिश्रा धर्मेंद्र सोनकर अनिल कुमार वर्मा सिया राम सिंह मुन्ना लाल यादव बृजेंद्र केसरवानी अनिल कुमार सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

नवीन मंडी प्रांगड़ में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

गल्ला व्यापारियों ने करवाया विशाल भंडारा,हजारों भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

अझुवा कौशाम्बी। प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत अझुवा के नवीन मंडी में विशाल भंडारे का आयोजन गल्ला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व्यापारियों के सौजन्य से पूर्ण हुआ है जिसमे क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिव मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे में पहुंचकर भोले शंकर का चढ़ने वाला प्रसाद ग्रहण किया है। गल्ला ब्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश प्रसाद अग्रहरि ने बताया कि पिछले 2 वर्षों में मंडी समिति के प्रांगड़ में कोरोना संक्रमण के कारण इस भंडारे का आयोजन नही हो पाया था परंतु शिव शंकर भगवान भोलेनाथ की कृपा से कोरोना का संक्रमण मृत प्राय है इस वर्ष मंडी के सभी ब्यापारियों के सहयोग से इतने बड़े विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें दूर दराज से शिव भक्तों ने पहुंचकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया है इस भंडारे में राकेश केसरवानी, कपूर चंद्र केसरवानी,उदय अग्रहरी चेयरमैन अनिलकुमार निर्मल,शिकोटी लाल,अनिल गुरु,उदय केसरवानी,शिवबाबू केसरवानी,संतोष केसरवानी आदि व्यापारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

बुद्धिस्ट सर्किट परियोजना के कार्यों में पर्यटन विभाग ने दिखाई तेजी

कौशांबी। बुद्धिस्ट सर्किट परियोजना पर काम तेजी से शुरू हो गया है और जल्द ही कौशांबी क्षेत्र को बुद्धिस्ट सर्किट से योगी सरकार जोड़ने में सफल होगी। मंझनपुर तहसील में बुद्धिस्ट सर्किट परियोजना हेतु कोसम इनाम ग्राम में किसानों की जमीन अधिग्रहण कर उसकी कीमत देने के बाद पर्यटन विभाग ने किसानों की जमीन का बैनामा करवाना शुरू कर दिया है सोमवार को किसानो की जमीन का क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी प्रयागराज मंडल द्वारा सब रजिस्ट्रार तहसील मंझनपुर के समक्ष काश्तकारो को चेक द्वारा धनराशि प्रदान कर शासन के पक्ष में बैनामा की शुरुवात किया गया।

मूसलाधार बारिश के चलते ढह गई स्कूल की दीवार

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद अंतर्गत चांदीपुर परसरा में प्राथमिक विधालय परसरा की दीवाल गिर गई मूसलाधार बारिश हो रही थी और तेज बारिश के चलते दीवार दीवाल ढह जाने से स्कूल के हरियाली हरे भरे पेड़ों को भी नुकसान हुआ है स्कूल के बगल में नाला बनाया गया है जो स्कूल की हरियाली हरे भरे पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहा है दीवाल गिरने का कारण मूसलाधार बारिश के अलावा दीवाल के बगल से एक बड़ा नाला गया हुआ है। जिसकी शिकायत स्कूल के प्रधनाध्यक रविन्द्र कुमार मिश्रा ने नगर पालिका के उच्च अधिकारी से की थी कल की मूसलाधार बारिश के चलते स्कूल की दीवाल गिर गई जिससे स्कूल असुरक्षित हो गया है।

सिराथू सीएचसी अधीक्षक का विदाई समारोह हुआ संपन्न

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी। सीएचसी सिराथू में अधीक्षक डॉक्टर हेमंत विशेन का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें वर्तमान अधीक्षक डॉक्टर औचित्य सिंह के द्वारा फूल माला के साथ पूर्व अधीक्षक का अभिवादन किया और इस विदाई समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी भावनाओं को शब्दों के जरिए व्यक्त किया! सभी स्टाफ से सम्मान पाकर काफी भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि सिराथू सीएचसी में 10 साल की कार्य अवधि में अपने पद का निर्वहन पूरी जवाबदेही एवं ईमानदारी के साथ निभाया। उन्होंने कहा कि यहां के सभी स्टाफ एवं लोगों से भी काफी लगाव हो चुका है। आप सब हमेशा याद आएंगे! कार्यक्रम में डॉक्टर सुरेंद्र पटेल, डॉक्टर नीरज कुमार, डॉक्टर अफसर अली, डॉक्टर मंजुला गुप्ता, डॉक्टर उजमा तबस्सुम, डॉक्टर शिवी सिंह फार्मासिस्ट बाबू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अजय सिंह, शालिनी सचान बी.सी.पी.एम-रानी निषाद, बी..पी.एम.- मनोज प्रताप सिंह सुपरवाइजर - पी. एल. गुप्ता, बच्ची लाल,अजीत सिंह, अभिनाश संदीप,स्टाफ नर्स -गीता सिंह शंध्या सिंह प्रमोदिनी साधना मिश्रा एवम सी.एच.ओ. में राजू मजुमदार,त्यागी, चित्रभान, सतेंद्र, किशन, अक्षय,पंकज, पूजा, संध्या, नीतू, रेनू, मेघना एएनएम और आशा आदि उपस्थित रहें।

एम्बुलेंस में हुआ प्रसव,जच्चा बच्चा स्वस्थ

अझुवा कौशाम्बी। कड़ा ब्लॉक के अलग अलग स्थानों पर सरकारी एम्बुलेंस में रास्ते मे 2 महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया प्रसव के बाद दोनों मामलों में जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ बताए गए हैं। 108 सरकारी एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी धर्मेंद्र कुमार और चालक विमल सिंह के पास काल आने पर सोमवार को कड़ा ब्लॉक के सांखा ग्राम सभा पहुंचे जहां शिवलाल की पत्नी प्रसव पीड़ा से कराह रही थी एम्बुलेंस कर्मियों ने आशा अमलेश देवी के साथ प्रसव के लिए सिराथू जा रहे थे भड़हरी ग्राम सभा के पास महिला पूनम देवी को असहनीय प्रसव पीड़ा होने लगी जिस पर एम्बुलेंस चालक विमल सिंह ने एम्बुलेंस सड़क किनारे खड़ा कर दिया ईएमटी धर्मेंद्र कुमार ने आशा की मदद से एम्बुलेंस में ही महिला का प्रसव करवा दिया बाद जच्चा बच्चा दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद सिराथू में भर्ती करवाया है जहां दोनों स्वस्थ बताए जाते हैं। इसी प्रकार टाण्डा ग्राम सभा की गुड़िया देवी पत्नी विनोद कुमार को 102 एम्बुलेंस कर्मी नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अझुवा ले जा रहे थे असहनीय प्रसव पीड़ा होने पर कनेमाई ग्राम सभा के पास ईएमटी योगेंद्र कुमार ने आशा के सहयोग से महिला का सुरक्षित प्रसव कराया है जच्चा बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं वहीं सरकार की इस स्वस्थ्य योजना की लोग भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं गर्भवती महिलाओं आमजनमानस के लिए सरकारी एम्बुलेंस वरदान साबित हो रही है।

तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त आलोक कुमार त्रिपाठी पुत्र अवधेश नारायण निवासी छोगरिया का पूरा थाना मंझनपुर को एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

घूस की रकम वापस मांगने पर लेखपाल ने दलित को किया गाली गलौज

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के इब्राहीम पुर गांव के मजरा शुक्लन का पुरवा में जमीन पर कब्जे के मामले में विवाद के चलते बृजेश सिंह ने लेखपाल से संपर्क साधा जिस पर 50 हजार रुपए की डिमांड हुई रुपयों की व्यवस्था कर बृजेश सिंह ने लेखपाल को 35 हजार रुपए दे दिया लेकिन उसके बाद बृजेश सिंह का मकान नहीं बन सका गांव के लोगों ने शिकायत किया कि जिस जमीन पर बृजेश सिंह मकान बनवा रहा है वह सरकारी जमीन है सरकारी जमीन पर मकान ना बन पाने पर बृजेश सिंह ने पूर्व में दी गई 35 हजार रुपए की रकम 18 जुलाई को लेखपाल से वापस मांगा रकम वापस देने के बजाय 20 जुलाई को लेखपाल ने बृजेश सिंह के साथ गाली गलौज की है एसपी को दिए शिकायती पत्र में बृजेश सिंह ने बताया कि वह सूचित जाति का व्यक्ति है और लेखपाल ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया है पीड़ित ने रकम वापस दिलाने और लेखपाल पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

पांच दिवसीय स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मान्यवर कांशी राम महाविद्यालय फैजुल्लापुर कनैली में स्काउट और गाइड का पांच दिवसीय डी.एल.एड. छात्राध्यापक/ छात्राअध्यापिकाओ का स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का प्रशिक्षण शिविर 25 जुलाई को संपन्न हुआ। इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ मो0 उमर व विशिष्ट अतिथि श्री, अशोक कुमार सिंह रहे ,जिला संगठन कमिश्नर जनपद कौशांबी श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ मो0 उमर ने कहा स्काउट गाइड एक ऐसी शिक्षा है जो बच्चों को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करता है इसी के साथ स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए तंबू और बिना बर्तन का बनाए गए भोजन का अवलोकन करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद मोहन सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकुशलता एवं व्यक्तित्व का विकास होता है एक साथ मिलकर कार्य करने की भावना जागृत होती है डीएलएड प्रभारी डॉ संजय शर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में परिस्थिति के अनुसार कार्य करने की कला विकसित करेगा तथा समाज सेवा एवं सामूहिकता की भावना पैदा करेगा जिला मुख्यालय से आए प्रशिक्षक शिविर संचालक जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव एवं ट्रेनिंग काउंसलर

स्काउट गाइड कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी शिक्षक और छात्र

वंदना कुशवाहा ने प्रतिभागियों को टेंट, गेट, गैजेट, खुले आसमान के नीचे बिना बर्तन के भोजन बनाना, गांठे,बंधन ,प्राथमिक सहायता, खोज के चिन्ह बाया हाथ मिलाना ,ध्वज शिष्टाचार आदि की जानकारी दी प्रतिभागियों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अंत में ध्वज अवतरण कर और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया इस अवसर पर अजय सिंह, अनिल कुमार, वीरेंद्र सर ,हरिओम सर, अमरजीत, शिवानी, रोली ,प्रीति सिंह, सुमन सिंह ,प्रिया यादव, राजीव कुमार ,आकाश ,संतोष, राजेश ,शिव शंकर,आदि लोग उपस्थित रहे।

निरोधात्मक कार्यवाही में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना महेवाघाट से दो थाना कौशाम्बी से एक थाना सराय अकिल से तीन थाना कोखराज से पांच थाना मोहब्बतपुर पइसा से एक थाना कड़ाधान से एक कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

संपादकीय

नई उड़ान पर योगी का यूपी

योगी 2.0 में उत्तर प्रदेश ने नए संकल्पों के साथ देश में नंबर एक अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ नई उड़ान भरनी शुरू कर दी है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के शुरूआती सौ दिन काफी अहम रहे। इस अवधि में सरकार ने बड़ी लकीर खींची है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य के साथ काम शुरू हो चुका है। सलाहकार भी चुन लिया गया है। विभागों को 10 सेक्टरों में बांटकर अगले पांच साल तक का खाका खींचा गया है। उसी के अनुसार सूक्ष्म, लघु और दीर्घकालीन योजनाएं बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच साल में सरकार के प्रयास परवान चढ़े तो यह तय है कि देश में उत्तर प्रदेश की दशा और दिशा बदल जाएगी। उद्योग अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी महत्ता को समझते हुए अपने पिछले कार्यकाल में जब इंवेस्टर्स समिट का आयोजन करने की घोषणा की थी, तब तमाम लोगों ने सवाल खड़े किए थे, लेकिन न सिर्फ देश-दुनिया की कंपनियों ने चार लाख 68 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित किए, बल्कि तीन लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर भी उतर चुका है। सरकार के सौ दिनों में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी इसी का हिस्सा है। इसमें 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश और इसके माध्यम से पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की प्रक्रिया को भी अंजाम पर पहुंचाया जा रहा है। सरकार की ओर से निवेश मित्र के नाम से सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया गया है और निर्धारित समय में साढ़े छह लाख से अधिक एनओसी जारी की गई है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके माध्यम से सरकार की योजना 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश में सरकार गठन के बाद सौ दिनों में विकास और गरीब कल्याण के कार्यों के साथ मिशन रोजगार ने रफ्तार पकड़ी है। सरकार के पहले ही फैसले में चाहे 15 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन देने की बात हो या फिर 15 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने की। राज्य सरकार ने वर्ष 2022-23 के बजट में 54 हजार 883 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लोक कल्याण संकल्प पत्र की 97 घोषणाओं का भी समावेश किया है, जिसमें 44 नई मांग के लिए सात हजार करोड़ रुपये से अधिक धनराशि प्रस्तावित है। इनमें अधिकांश योजनाएं आने वाले समय में लोक कल्याण के कार्यों को नई दिशा देने वाली हैं। सड़कें तरक्की का आईना होती हैं। प्रदेश ने पिछले पांच वर्षों में हाइवे और एक्सप्रेस-वे के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हासिल की है। गांव की गलियों से लेकर, ब्लॉक मुख्यालय, जिला मुख्यालय, दूसरे राज्यों और दूसरे देशों को जोड़ने वाले सड़कों का संजाल निर्मित किया है। आने वाले समय में दुनिया के कई देशों से अधिक एक्सप्रेस-वे कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश में होने वाली है। उत्तर प्रदेश 13 एक्सप्रेस-वे वाला देश का पहला राज्य बना है।

'मानसून में बिमारियों की रोकथाम और होमियोपैथी पद्धति से उपचार'

डॉक्टर दीप्ति गम्भीर

मानसून का मौसम गर्म हवाओं से राहत प्रदान करते हुए मौसम में ताजगी और हरियाली का अहसास करवाता है। बरसात के मौसम में वातावरण में आर्द्रता तथा उमस बढ़ जाने से वातावरण में विद्यमान हानिकारक किटाणु फलने-फूलने लगते हैं जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। मानसून के मौसम में विभिन्न प्रकार के कीटाणु, जीवाणुओं, बैक्टिरिया तथा अन्य प्रकार के संक्रमण की वजह से अन्य मौसमों की अपेक्षा आपका बीमार पड़ने का खतरा दोगुना हो जाता है। मानसून के सीजन में मच्छर, जल, वायू तथा दूषित खाद्य पदार्थों के माध्यम से ज्यादातर बिमारियां उत्पन्न होती हैं। हमारे शरीर में विद्यमान मजबूत प्रतिरोधक क्षमता इन सभी बीमारियों से हमें सूरक्षा कवच प्रदान करती है लेकिन तनाव, मौसम में बदलाव व कुछ अन्य कारणों से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है तथा हानिकारक वायरस और बैक्टीरिया शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर भारी पड़ जाते हैं जिससे हम कमजोर पड जाते हैं हालांकि ज्यादातर मामलों में रोगी तीन से पांच दिन में स्वयं स्वस्थ हो जाते हैं लेकिन कुछ अन्य मामलों में उच्च बुखार, शरीर में दर्द चकते, कमजोरी, थकान, जोड़ों में दर्द के साथ उल्टियां आदि भी शुरू हो जाती हैं। सामान्यतः बच्चे इस बीमारी की चपेट में ज्यादा आते हैं। मानसून के मौसम में मच्छर के काटने से हम मलेरिया, डेंगु तथा चिकनगुनिया आदि बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। बरसात के मौसम में प्रदुषित जल का सेवन करने से सामान्यतः टायफाईड, हैजा, पीलिया, हैपेटाइटस तथा पाचनतंत्र/उदर के रोग उत्पन्न होते हैं।

वातावरण में हानिकारक वीषाणुओं की मात्रा बढ़ जाने से सर्दी फ्लू तथा इन्फलूएंजा, नजला आदि रोग फैलते हैं। अगर हम चाहें तो मानसून सीजन में उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचने के लिए कुछ एतिहाती उपाय कर सकते हैं। घर में मच्छरदारनी का उपयोग करें। घर में यह इर्द-गिर्द पानी को इकट्ठा न होने दें। अपने वाशरूम में उचित स्वच्छता/हाईजीन बनाए रखें तथा वाशरूम को प्रतिदिन साफ रखें। घर से बाहर निकलते समय शरीर के खुले अंगों पर मच्छर से बचाव के लिए क्रीम लगाऐं। पानी को उबालकर तथा फल सब्जियों को साफ पानी में धोकर ही उपयोग करें। घर में खाद्य पदार्थों को ढक कर रखें तथा ढाबे, स्टालों आदि पर खाने से परहेज करें। खांसते समय अपने नाक/मुंह को ढक लें। दिन में दो तीन बार उबला पानी पीयें तथा घर से बाहर जाते समय उबला पानी अपने साथ ले जाएं। घर तथा आसपास के परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करें।

सोशल मीडिया को असभ्यता का अड्डा बनने से रोकना होगा !

दीपक कुमार त्यागी

भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की पूर्ण आजादी प्रदान करता है, लेकिन कानून के दृष्टिकोण से देखा जाए तो इसके बहुत सारे अपवाद भी मौजूद हैं। आप अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी भी दूसरे व्यक्ति की अवमानना नहीं कर सकते हैं, किसी भी दूसरे व्यक्ति के मान-सम्मान को ठेस नहीं पहुंचा सकते हैं, समाज में धार्मिक व जातिगत आधार पर किसी भी प्रकार की दुर्भावना व नफरत नहीं फैला सकते हैं। वैसे भी अभिव्यक्ति की आजादी का यह मतलब नहीं होता है कि आप देश में सर्वोच्च पदों पर आसीन लोगों के बारे में सोशल मीडिया के बेहद सशक्त प्लेटफार्म पर सार्वजनिक रूप से असंसदीय व असभ्य हैशटैग तक चलवाने का असभ्यता की पराकाष्ठा वाला कृत्य करो। यहां आपको मैं याद दिला दूं कि जिस तरह से सोशल मीडिया के सशक्त माध्यम के दुरुपयोग का नमूना 24 जुलाई 2022 को भारतीय राजनीति के संदर्भ में पूरी दुनिया ने देखा है, वह बेहद शर्मनाक था। उसके संदर्भ में कहा जा सकता है कि यह दिन भारतीय राजनीति के इतिहास में अंध भक्तों के भारी भीड़ के चलते एक ऐसे शर्मनाक दिन के रूप में दर्ज हो गया है, जब भारत के ही लोग अपने चुनें हुए संवैधानिक पदों पर आसीन जन प्रतिनिधियों के बारे गालियों का असभ्यता से परिपूर्ण हैशटैग बनाकर उसको खुद ही टॉप पर ट्रैंड करवाकर खुद अपनी पीठ थपथपा रहे थे। हालांकि सरकार को व आईटी कंपनियों को मिलकर यह तय करना चाहिए कि इस तरह के कृत्य की भविष्य में फिर कभी पुनरावृति ना होने पाये। इन असभ्य हैशटैग ने ना केवल व्यक्तिगत रूप से बल्कि मोदी व केजरीवाल सरनेम वाले सभी लोगों की भावनाओं को आहत करने का कार्य किया है। देश की केन्द्रीय जांच एजेंसियों को तत्काल इन असभ्य हैशटैगों की शुरूआत करने वाले लोगों की पहचान करनी चाहिए और उन सभी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करके इसके लिए जिम्मेदार सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे कि भविष्य फिर कोई व्यक्ति इस तरह की ओछी मानसिकता के द्वारा समाज में नफरत फैलाने का व संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में ऐसे बेहूदगी भरे असभ्य शब्दों का उपयोग करने की जरूरत ना कर सकें। " वैसे भी जिस तरह का दौर चल रहा है उसमें आज महात्मा गांधी के देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की हर हाल में रक्षा व राजनीतिक सुचिता को बनाएं रखना बेहद अहम हो गया है। इसलिए अब आवश्यक हो गया है कि देश के प्रत्येक छोटे-बड़े राजनेताओं व उनके राजनीतिक समर्थकों के द्वारा जिस तरह से एक दूसरे के प्रति सार्वजनिक रूप से आयेदिन बेहद बेहूदगी पूर्ण व असभ्य असंसदीय भाषा का उपयोग किया जाने लगा है वह सब तत्काल बंद होना चाहिए। इन लोगों को समझना चाहिए कि क्षणिक राजनीतिक लाभ के लिए इस तरह की बेहद ओछी मानसिकता से परिपूर्ण विचार व राजनीतिक सोच पर अब लगाम लगनी चाहिए। क्योंकि इन चंद प्रभावशाली लोगों की एक-एक हरकतों को देश का आम जनमानस हूबहू कॉपी करके उपयोग करने का कार्य करता है, जिसके चलते सभ्य समाज में तेजी से असभ्यता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है।"*

वैसे तो भारतीय कानून सोशल मीडिया पर लोगों को केन्द्र की मोदी सरकार, केजरीवाल व अन्य किसी भी सरकार की नीतियों की आलोचना करने का पूरा हक भी प्रदान करता है। क्योंकि कोई भी सरकार जब जनता से किये गये अपने वादों को पूरे नहीं करेगी या जनता उसके कार्यों से संतुष्ट नहीं होगी, तो आम जनमानस के पास उस सरकार पर जमकर हमला बोलने का कार्य करने का सबसे सरल माध्यम सोशल मीडिया ही है। लेकिन सभ्य समाज में हमेशा शब्दों की गरिमा का ध्यान रखना हम सभी लोगों का नैतिक कर्तव्य व दायित्व है, सभ्य समाज में किसी भी व्यक्ति को असभ्यता करके उद्दंडता पूर्ण व्यवहार करने का अधिकार नहीं है, किसी की भावनाओं से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। हम सभी लोगों को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया अपने विचारों को दुनिया तक पहुंचाने का आज सबसे सशक्त व तेज प्लेटफॉर्म बन गया है। हम लोगों को इसका सकारात्मक उपयोग करते हुए देश, समाज, परिजनों व अपने हित में सदुपयोग करना चाहिए, ना कि सोशल मीडिया के द्वारा हम लोग समाज में असभ्य व नफरती जहरीली सोच को फैलाने के लिए प्रयोग करें। आज के व्यवसायिक दौर में यह हम सभी लोगों की व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने वाली सभी कंपनियों की बेहद अहम जिम्मेदारी है कि सोशल मीडिया पर ऐसा तालमेल बनाएं कि लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सदभाव की व्यवस्था भी पूर्णतः बरकरार रहे। वैसे भी हम लोगों को सोशल मीडिया पर वायरल हो रही बातों को लेकर सचेत रहना होगा, उस पर आंख बंद करके विश्वास करने से बचना होगा, हमें यह समझना होगा कि सोशल मीडिया पर इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया की तरह कोई एडिटर नाम की चीज नहीं होती है, जिससे कि गलत, भ्रामक, असभ्य व अश्लील तथ्यों को प्रकाशित होने से रोका जा सके या उसके लिए कंपनी के किसी व्यक्ति विशेष की जवाबदेही तय की जा सके। वैसे भी दुनिया में सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने वाली आईटी कंपनियों को आईटी एक्ट के तहत बहुत सारी ज़िम्मेदारियों से छूट मिली हुई है, जिसके चलते वह केवल अपनी कंपनी का लाभ बढ़ाने में लगे रहते हैं और खर्च से बचने के लिए सोशल मीडिया के इस बड़े प्लेटफॉर्म को अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ में फ्री छोड़ देते हैं। जिसके चलते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का गलत कार्यों के लिए धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है, षड्यंत्रकारी लोग विभिन्न फजी नामों से आईडी बना कर सोशल मीडिया के माध्यम से अपना गलत अनैतिक मकसद पूरा करते हैं और बड़े पैमाने पर लोग पोस्ट को लाईक, कमेंट व शेयर करके अंजाने में उनका सहयोगी बन जाते हैं। आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने वाली आईटी कंपनियों को यह समझना होगा प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, नफरती व जहरीली सोच और असभ्यता का प्रचार-प्रसार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब सभ्य समाज के अधिकांश सभ्य लोग सोशल मीडिया से पूरी तरह से किनारा करने लगेंगे।।

लेकिन सभ्य समाज में हमेशा शब्दों की गरिमा का ध्यान रखना हम सभी लोगों का नैतिक कर्तव्य व दायित्व है, सभ्य समाज में किसी भी व्यक्ति को असभ्यता करके उद्दंडता पूर्ण व्यवहार करने का अधिकार नहीं है, किसी की भावनाओं से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। हम सभी लोगों को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया अपने विचारों को दुनिया तक पहुंचाने का आज सबसे सशक्त व तेज प्लेटफॉर्म बन गया है

आओ निंदा त्यागने का संकल्प लें

किशन भावनानी

सृष्टि में खूबसूरत मानवीय जीव की रचना कर रचनाकर्ता नें उसमें गुण और अवगुण रूपी दो गुलदस्ते भी जोड़े हैं और उनका चयन करने के लिए 84 लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि का सृजन मानवीय योनि में कर अपने भले बुरे सोचनें का हक उसी को दिया है परंतु हम अपनीं जीवन यात्रा में हम देखते हैं कि मानवीय जीव अवगुण रूपी गुलदस्ते का चुनाव खुद कर उसमें ढल जाता है और अंत में दोष सृष्टि रचनाकर्ता को ही देता है कि मेरे जीवन को नरक बना दिया जबकि गलती मानवीय जीव की ही है कि उसने ही अपनी बुद्धि से उस अवगुण रूपी गुलदस्ते को चुना!! यूं तो अवगुणों को सैकड़ों शब्दों, बुराइयों से पुकारा जाता है जिसमें आज हम निंदा बुराई, दूसरों पर उंगली उठाना इस अवगुण की चर्चा कर करेंगे आओ निंदा रूपी अवगुण त्यागने का संकल्प लें। साथियों बात अगर हम निंदा की करें तो किसी ने खूब ही कहा है कि, संसार में प्रत्येक जीव की रचना ईश्वर अल्लाह ने किसी उद्देश्य से की है। हमें ईश्वर अल्लाह की किसी भी रचना का मखौल उड़ाने का अधिकार नहीं है। इसलिए किसी की निंदा करना साक्षात परमात्मा की निंदा करने के समान है। किसी की आलोचना से आप खुद के अहंकार को कुछ समय के लिए तो संतुष्ट कर सकते हैं किन्तु किसी की काबिलियत, नेकी, अच्छाई और सच्चाई की संपदा को नष्ट नहीं कर सकते। जो सूर्य की तरह प्रखर है, उस पर निंदा के कितने ही काले बादल छा जाएं किन्तु उसकी प्रखरता, तेजस्विता और ऊष्णता में कमी नहीं आ सकती। साथियों बात अगर हम खुद का आंकलन दूसरों से सर्वश्रेष्ठ करने की करें तो, अपनी प्रशंसा तथा दूसरों की निंदा असत्य के समान है। जैसे हमारी आंखें चंद्रमा के कलंक तो देख लेती हैं , किंतु अपने काजल को नहीं देख पातीं। उसी प्रकार हम दूसरों के दोषों को देखते हैं , हालांकि खुद अनेक दोषों से भरे हैं। दूसरों में जो दोष दिखाई देते हैं , सचमुच उनका कारण हमारे अपने चित्त की दूषित वृत्तियां ही है। दूसरों की निंदा किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं होती। इस संबंध में एक कवि ने लिखा भी है कि हमें परखने का तरीका नहीं है। कोई वरना दुश्मन किसी का नहीं है। निंदक को यह याद रखना चाहिए कि दुनिया तुझे हजारों आंखों से देखेगी , जबकि तू दुनिया को दो ही आंखों से देख सकेगा। साथियों बात अगर हम दूसरों पर एक उंगली उठाने की करें तो, जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे के दोषों पर उंगली उठाता है , तो उसे याद रखना चाहिए कि पीछे की और मुड़ी उसकी तीन उंगलियां पहले उसी की ओर संकेत कर रही होती हैं। निंदा- चुगली व्यर्थ ही है। इससे परस्पर वैमनस्य , कटुता और संघर्ष बढ़ते हैं। इसीलिए कहा है कि दूसरों के कृत्याकृत्यों को न देखो , केवल अपने ही कृत्यों का अवलोकन करो। यूं तो लोग चुप रहने वाले की निंदा करते हैं। बहुत बोलने वाले की निंदा करते हैं , मितभाषी की निंदा करते हैं , संसार में ऐसा कोई नहीं है , जिसकी निंदा न होती हो, इसीलिए कहा है- जैसी जाकी बुद्धि है , तैसी कहै बनाय। ताको बुरा न मानिए , लेन कहां यूं जाए। ' केवल दूसरों द्वारा अपनी निंदा सुनकर मनुष्य अपने को निंदित न समझें , वह अपने आप को स्वयं ही जाने , क्योंकि लोक तो निरंकुश है , जो चाहता है सो कह देता है। द्वेषी गुणं न पश्यति , दोषी गुणों को नहीं देखता। साथियों बात अगर हम परनिंदा में आनंद की करेंतो परनिंदा में प्रारंभ में काफी आनंद मिलता है लेकिन बाद में निंदा करने से मन में अशांति व्याप्त होती है और हम हमारा जीवन दुःखों से भर लेते हैं। प्रत्येक मनुष्य का अपना अलग दृष्टिकोण एवं स्वभाव होता है। दूसरों के विषय में कोई अपनी कुछ भी धारणा बना सकता है। हर मनुष्य का अपनी जीभ पर अधिकार है और निंदा करने से किसी को रोकना संभव नहीं है। न विना परवादेन रमते दुर्जनोजनः काकःसर्वरसान भुक्ते विनामध्यम न तृप्यति।। अर्थ झ लोगों की निंदा (बुराई) किये बिना दुष्ट (बुरे) व्यक्तियों को आनंद नहीं आता। जैसे कौवा सब रसों का भोग करता है परंतु गंदगी के बिना उसकी संतुष्टि नहीं होती, लोग अलग-अलग कारणों से निंदा रस का पान करते हैं। कुछ सिर्फ अपना समय काटने के लिए किसी की निंदा में लगे रहते हैं तो कुछ खुद को किसी से बेहतर साबित करने के लिए निंदा को अपना नित्य का नियम बना लेते हैं। निंदकों को संतुष्ट करना संभव नहीं है।

साथियों बात अगर हम निंदा पर वैश्विक विचारों की करें तो, महात्मा गांधी ने भी कहा है कि दूसरों के दोष देखने की बजाय हम उनके गुणों को ग्रहण करें। दूसरों की निंदा अश्रेयस्कारी है। निंदा करने व सुनने में व्यक्ति प्रायः आनंद लेता है। जबकि निंदा सुनना व निंदा करना, दोनों ही विषय है। इसीलिए हमारे महापुरुषों ने तो कहा है सपनेहां नहिं देखा परदोषा! अर्थात् स्वप्न में भी पराये दोषों को न देखना। भगवान बुद्ध ने कहा है, जो दूसरों के अवगुणों की चर्चा करता है, वह अपने अवगुण प्रकट करता है। भगवान महावीर ने भी कहा है कि किसी की निंदा करना पीठ का मांस खाने के बराबर है। विधाता प्रायः सभी गुणों को किसी एक व्यक्ति या एक स्थान पर नहीं देता है। ईसा मसीह ने कहा था ,लोग दूसरों की आंखों का तिनका तो देखते हैं, पर अपनी आंख के शहतीर को नहीं देखते। हेनरी फोर्ड ने कहा कि मैं हमेशा दूसरों के दृष्टिकोण को समझने की कोशिश करता हूं। हमारी सद्भावना या दुर्भावना ही किसी को मित्र या शत्रु मानने के लिए बाध्य करती है।सद्भावना अनुकूल स्थिति के कारण होती है और दुर्भावना प्रतिकूल स्थिति के कारण होती है। लोगों के छिपे हुए ऐब जाहिर मत करो। इससे उसकी इज्जत तो जरूर घट जाएगी, मगर तेरा तो ऐतबार ही उठ जाएगा। साथियों बात अगर हम दूसरों के दोष ढूंढना, निंदा करना मानवीय स्वभाव की करें तो, दूसरों की निंदा करना। सदैव दूसरों में दोष ढूंढते रहना मानवीय स्वभाव का एक बड़ा अवगुण है। दूसरों में दोष निकालना और खुद को श्रेष्ठ बताना कुछ लोगों का स्वभाव होता है। इस तरह के लोग हमें कहीं भी आसानी से मिल जाएंगे। प्रतिवाद में व्यर्थ समय गंवाने से बेहतर है अपने मनोबल को और भी अधिक बढ़ाकर जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहें। ऐसा करने से एक दिन आपकी स्थिति काफी मजबूत हो जाएगी और आपके निंदकों को सिवाय निराशा के कुछ भी हाथ नहीं लगेगा। इसलिए सब तरफ गुण ही ढूंढने की आदत डालो। देखो कितना आनंद आता है। दुनिया में पूर्ण कौन है हरेक में कुछ न कुछ त्रुटियां रहती हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि न विना परवादेन रमते दुर्जनोजनः।

बच्चों को सिखाएँ शिव आराधना का मूल मंत्र

डॉ. रीना रवि मालपानी

आज के समय में हम सभी जीवन में प्राप्त और पर्याप्त के बीच संघर्ष करते दिखाई दे रहे है जिसमें हमारे जीवन में शांति और संतोष का अभाव है। उपलब्ध संसाधनों के बीच भी हमें धन्यवाद प्रेषित करना नहीं आता है। आगे जाकर यहीं चीज हमारे मन में उत्कंठा, निराशा और संत्रास को जन्म देने लगती है। हमारे बच्चे अंदर से बहुत कमजोर दिखाई दे रहे है क्योंकि वे बाहरी दुनिया में अपनी शांति की खोज कर रहे है जोकि केवल भ्रम मात्र है। जब आप बच्चों को भगवान से जोड़ना सीखा देते है तो उनमें जीवन को लेकर अलग ही आत्मविश्वास परिलक्षित होता है। वे अपनी हर अच्छाई-बुराई में ईश्वर को साक्ष्य रखते है और कुछ निर्णय वे स्वतंत्र रूप से लेना स्वयं सीख जाते है। यदि आप अपने बच्चों को शिव की विशेषताओं से परिचित कराएंगे तो वे जीवन की सत्यता और सार्थकता को भली-भाँति समझ सकेंगे। शिव ईश्वर का सत्यम-शिवम-सुंदरम रूप है। शिव वो है जो सहजता एवं सरलता से सुशोभित होते है। वे ऐसे ध्यानमग्न योगीश्वर है जो नीलकंठ बनकर अपने भीतर विष को ग्रहण किए हुए है और भुजंगधारी बनकर विष को बाहर सजाए हुए है। इसके विपरीत भी उमापति की एकाग्रता, शांतचित्त रूप और ध्यान में कहीं भी न्यूनता परिलक्षित नहीं होती। वैभव देने वाले भोलेनाथ स्वयं वैरागी रूप में विराजते है। ध्यान की उत्कृष्ट पराकाष्ठा शिव अपने आराध्य श्रीराम के स्वरूप को अपने भावों की माला से ध्याते है। सृष्टि के कल्याण के लिए शांत भाव और सहजता से विषपान को स्वीकार करते है।

शिव की शिक्षाओं को अपनाना नहीं है आसान।

पर स्वीकार कर लेने से जीवन बन जाएगा वरदान॥

शिव की आराधना अत्यधिक सहज और सरल है जबकि उनके स्वरूप में अत्यधिक विचित्रता दिखाई देती है। शिव हमें विषमताओं में रहना सिखाते है। शिव बाहर झाँकने की बजाए भीतर ध्यान केन्द्रित करने पर बल देते है। शिव हमें आडंबर से मुक्ति दिलाते है। शिवतत्व ही सृष्टि के संहारक है। विषपान के पश्चात भी सहर्ष ध्यान साधना में लगे रहना ही शिव की उत्कृष्टता है। जीवन का भी यहीं सत्य है। जीवन तो सुख-दुःख का विधान ही है। देवाधिदेव महादेव हमें ध्यान में मग्न होकर एकाग्र होने की प्रेरणा देते है। यदि आपका बच्चा भगवान के अस्तित्व में विश्वास करेगा तो वह चीजों के सिद्ध होने एवं प्रत्यक्ष होने में भी विश्वास करेगा।

जब आप उसको शिव के चरित्र का वर्णन सिखाएँगे तो उसे ज्ञान होगा कि जब व्यक्ति कल्याण की ओर अग्रसर होता है तो वह महादेव की उपाधि से सुशोभित होता है। शिव की वेशभूषा आपके बच्चे को जीवन का सार सीखने में मदद करेगी और वह शिव की कृपा से जीवन को आनंद स्वरूप में स्वीकार करेगा। यदि हम उसके जीवन में आध्यात्म का रस घोलेंगे तो उसकी जीवन सरिता में आनंद का प्रवाह अभिभूत होगा।

असाध्य को साध्य बना सकती शिव की आराधना।

मनुष्ययोनि के द्वारा ही संभव है ध्यान, योग और साधना॥

बच्चों में यदि एक बार अच्छी आदते विकसित की जाए तो वह उन्हें जीवनपर्यंत लाभान्वित करेंगी। तो क्यों न मनुष्ययोनि के ध्येय को सार्थक स्वरूप प्रदान करें और बच्चों को भगवत भक्ति का मार्ग प्रशस्त करें जिसके कारण वे असाध्य बाधाओं का भी पूर्ण आत्मविश्वास से सामना कर सकेंगे। शिव की सत्ता की व्यापकता हो अनंत है।

वह अविनाशी, ओढरधानी, नीलकंठ और अर्धनारीश्वर स्वरूप है जो जीवन में त्याग और सच्चे प्रेम की सार्थकता को भी उजागर करते है।

मनोकामना पूर्ति का शिव पूजन तो है सरल उपाय। डॉ. रीना कहती, भावों की माला से भजो ॐ नमः शिवाय॥

जीवन कौशल शिक्षा क्या है?

व्यक्तित्व के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर ही बच्चे का विकास संभव हो सकता है। यही कारण है कि जीवन कौशल शिक्षा हर किसी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जीवन कौशल शिक्षा में, एक बच्चे के समग्र व्यक्तित्व को ध्यान में रखा जाता है। यह किसी भी तरह की स्थिति को संभालने की ताकत देता है और किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संघर्ष का सामना करने का साहस देता है। स्कूली पाठ्यक्रम में जीवन कौशल शिक्षा को शामिल कर बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। एक व्यक्ति को अपने और अपने आसपास के वातावरण में और अन्य लोगों के साथ बातचीत करने के लिए और विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान खोजने के लिए उच्च क्षमता की आवश्यकता वाले निर्णय लेने के लिए सामाजिक विशेषताओं और व्यक्तिगत क्षमताओं के एक सेट की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए किसी भी स्थिति से सकारात्मक रूप से निपटने के लिए आवश्यक कौशल को जीवन कौशल कहा जाता है। जीवन कौशल को समाज के अनुकूल होने और व्यक्तिगत व्यवहार में सकारात्मकता को बढ़ावा देने और काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहन के माध्यम से विकसित किया जा सकता है।

जीवन कौशल शिक्षा क्या है?

जीवन कौशल शिक्षा एक ऐसा कौशल है। इसके तहत बच्चे में अपने जीवन को ठीक से निर्वहन करने और जीवन से संबंधित गतिविधियों को व्यवस्थित तरीके से व्यवस्थित करने की क्षमता विकसित होती है। यह एक प्रकार की शिक्षा है जिसमें बच्चे को कुशल बनाने के लिए कौशल इस तरह विकसित किया जाता है कि वह अपनी क्षमता और बुद्धि से विषम परिस्थितियों में निर्णय ले सके। साथ ही ऐसे दुखों को मानव जीवन में विकसित करना होता है। जिससे वह एक कुशल नागरिक बन सके।

जीवन कौशल शिक्षा का महत्वः गर हम जीवन को सफलतापूर्वक जीना चाहते हैं, तो हमें जीवन कौशल के महत्व को समझना होगा। और इसे अपने जीवन में लागू करना भी बहुत जरूरी है। अगर ऐसा होता है तो हमारा जीवन एक सरल और सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। जीवन कौशल हमें यह जानने में सक्षम बनाते हैं कि कैसे अपने जीवन को आसान और सरल बनाया जाए, कैसे एक सकारात्मक जीवन बनाया जाए।

शोएब अख्तर की जिंदगी पर बनेगी बायोपिक, टीजर रिलीज

कराची। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की जिंदगी पर जल्द फिल्म रिलीज होने जा रही है। अख्तर ने खुद सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया है जिसमें अभिनेता धुंध में ट्रेन की पटरी पर दौड़ता दिखाई देता है। इसी अगले साल नवंबर में रिलीज होगी। इसका नाम 'रावलपिंडी एक्सप्रेस - विपरीत परिस्थितियों में दौडऩा' रखा गया है। अख्तर ने सोशल मीडिया पर लिखा- इस खूबसूरत यात्रा की शुरुआत। मेरी कहानी, मेरी जिंदगी, मेरी बायोपिक के लॉन्च की घोषणा करते हुए।

रावलपिंडी एक्सप्रेस - विपरीत परिस्थितियों में दौडऩा

अगर आपको लगता है कि आप पहले से ही बहुत कुछ जानते हैं, तो आप गलत हैं। आप एक ऐसी सवारी के लिए तैयार हैं जिसे आपने पहले कभी नहीं लिया है। क्यू फिल्म प्रोडक्शन द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना। किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी के बारे में पहली विदेशी फिल्म।

रावलपिंडी एक्सप्रेस फिल्म पर बने रहें।

विवादास्पद रूप से तुम्हारा

शोएब अख्तर

बता दें कि भारतीय बाजार में क्रिकेटर्स पर फिल्म बनाने का चयन काफी लोकप्रिय है। यहां महेंद्र सिंह धोनी, मोहम्मद अजहरुद्दीन, कपिल देव, प्रवीण तांबे पर फिल्में बन चुकी हैं।

बारिश के कारण रद्द हुए दूसरे वनडे में बरसे क्विंटम डिकॉक, बनाए धुआंधार 92 रन

लीड्स। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटम डिकॉक ने इंगलैंड के खिलाफ लीड्स के मैदान पर खेले गए दूसरे वनडे में धुआंधार 92 रन जड़ दिए। डिकॉक जब शतक की ओर बढ़ रहे थे तब बारिश आ गई। यह इतनी तेज थी कि इसके बाद मैच शुरू ही नहीं हो पाया। आखिरकार ऑफिशियल ने मैच को रद्द कर दिया। उस

वक्त डिकॉक 76 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 92 रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए खराब शुरूआत की थी। डिकॉक के साथ ओपनिंग पर जानेमन मलान आए थे लेकिन वह केवल 11 रन बनाकर विली की गेंद पर रॉय को कैच थमा बैठे। इसके बाद डिकॉक ने रासी दूसें के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। दूसें 38 गेंदों में 26 रन बनाकर आदिल राशिद की गेंद पर आऊट हुए। डिकॉक तब भी नहीं रुके, मार्करम के साथ मिलकर उन्होंने इंगलैंड के गेंदबाजों की खूब पिटाई की। लेकिन तभी बारिश ने आकर खेल बिगाड़ दिया।

डिकॉक अगर इस मैच में शतक बना देते तो यह उनके वनडे करियर का 18वां शतक होता। ऐसा कर वह भरत के शिखर धवन, ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच और पाकिस्तान के बाबर आजम के 17 वनडे शतक लगाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ जाते। डिकॉक तब डेविड वार्नर, मार्टिन गुप्टिल की बराबरी कर सकते थे।

राष्ट्रमंडल खेल: संदीप मेहता की जगह अनेशा घोष 'प्रेस अटैची' नियुक्त

नई दिल्ली। स्वतंत्र पत्रकार अनेशा घोष को गुरुवार से शुरू हो रहे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए संदीप मेहता की जगह भारतीय दल का 'प्रेस अटैची' नियुक्त किया गया है। घोष को अन्य चीजों के अलावा सोशल मीडिया को संभालने के लिए नियुक्त किया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने पीटीआई से कहा, ''हमें अन्य चीजों के अलावा सोशल मीडिया को संभालने के लिए किसी की जरूरत थी, इसलिए उन्हें (घोष) नियुक्त किया गया।'' खन्ना ने यह भी बताया कि आईओए बर्मिंघम शहर में प्रवासी भारतीयों के लिए दो कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा।

अक्षर पटेल ने छक्का लगाकर भारत को दिलाई जीत, धोनी का 17 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा

पोर्ट ऑफ स्पेन। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में 2 विकेट से जीत दर्ज करते हुए भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजय बढ़त बना ली है। भारत की तरफ से प्रमुख खिलाड़ी अक्षर पटेल थे जिन्होंने विंडीज के खिलाफ भारत का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और आखिरी ओवर में जब तीन गेंदों पर जीत के लिए छह रन चाहिए थे तो छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। इसी के साथ ही अक्षर ने महेंद्र सिंह धोनी का 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लक्ष्य का पीछा करने के 18वें ओवर में भारत के 79 रन पर तीन

विकेट गिर जाने के बाद श्रेयस अय्यर

(63) और संजू सैमसन (54) की 99 रन की साझेदारी से भारत को उबरने में मदद मिली और दोनों ने अर्धशतक जमाए। इसके बाद दीपक हुड्डा (33) और अक्षर ने तेज फिफ्टी की साझेदारी की। अक्षर ने 35 गेंदों में 64 रनों की नाबाद पारी खेलकर धोनी के वनडे क्रिकेट में लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान उन्होंने जो पांच छक्के लगाए, वह वनडे में अब भारत के किसी बल्लेबाज द्वारा नंबर 7 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने के दौरान लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक है। धोनी ने 2005 में जिम्बाब्वे के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन छक्के लगाए थे। यूसुफ पठान ने 2011 में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ अपने करियर में दो बार धोनी की बराबरी की थी।

अक्षर ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह एक विशेष है। यह महत्वपूर्ण समय पर आया और टीम को श्रृंखला जीतने में भी मदद की। हमने आईपीएल में भी ऐसा ही किया है। हमें बस शांत रहने और तीव्रता बनाए रखने की जरूरत थी। मैं करीब 5 साल बाद वनडे खेल रहा था। मैं अपनी टीम के लिए इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना चाहूंगा।

अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ 63 रन की पारी खेलकर भी निराश, ये है वजह

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के वर्तमान दौरे में शानदार फॉर्म में हैं। अय्यर ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 71 गेंदों पर 63 रन बनाए और भारत की दो विकेट से रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संजू सैमसन के साथ चौथे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। सैमसन ने 54 रन बनाए जबकि बाद में अक्षर पटेल ने नाबाद 64 रन बनाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत की पहले वनडे में तीन रन से जीत में 54 रन बनाने वाले अय्यर ने कहा कि वह अगले मैच में शतक बनाने की कोशिश करेंगे। अय्यर ने मैच के बाद कहा, 'मैंने आज जो स्कोर किया उससे मैं खुश हूं लेकिन जिस तरह से मैं आउट हुआ उससे नाखुश हूं। मुझे टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाना चाहिए था। मैंने अच्छी शुरुआत की लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से अपना विकेट गंवाया। उम्मीद है कि अगले मैच में मैं इससे बेहतर प्रदर्शन करूंगा और शतक बनाने में सफल रहूंगा।' इस 27 वर्षीय बल्लेबाज को अफसोस है कि वह अब तक

शतक नहीं जमा पाए हैं।

उन्होंने कहा, 'पिछली बार भी मेरा अच्छा कैच लपका गया था। निश्चित तौर पर मैं यह नहीं कहूंगा कि मैंने अपना विकेट आसानी से गंवाया लेकिन मुझे अपनी अच्छी शुरुआत को शतक में बदलना चाहिए था। पर मैं टीम की जीत में योगदान देकर खुश हूं।' अय्यर ने कहा, 'यह वास्तव में अच्छा है कि मैंने लगातार दो मैचों में अर्धशतक जमाए लेकिन मुझे इन्हें शतक में तब्दील करना चाहिए था क्योंकि मैंने अच्छी शुरुआत की थी। आपको अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह की शुरुआत हमेशा नहीं मिलती है तथा अधिक से अधिक अर्धशतक को शतक में बदलने से फायदा मिलता है। मेरे पास आज इसका अच्छा मौका था।'

अय्यर ने कहा कि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह बल्लेबाजी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थानों में से एक है। आपको मुश्किल परिस्थितियों में क्रीज पर उतरना पड़ सकता है। यदि विकेट जल्दी गिर गया तो आपको जल्दी क्रीज पर उतरना पड़ेगा और पारी संवारने की भूमिका निभानी पड़ेगी।' अय्यर ने कहा, 'इसके साथ ही जब पहले विकेट के लिए अच्छी साझेदारी निभाई जाती है तो फिर आपको उसी को आगे बढ़ाना पड़ता है। मुझे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए बड़ा आनंद आ रहा है।' उन्होंने अपनी शानदार फार्म का श्रेय कड़ी मेहनत को दिया। अय्यर ने कहा, 'मुझे यह अच्छे परिणाम कड़ी मेहनत के कारण मिल रहे हैं। मैंने हाल में काफी कड़ी मेहनत की थी क्योंकि परिस्थितियां बदलती रहती है और आपको लगातार मैच खेलने पड़ते हैं। ऐसे में आपको हर तरह से फिट रहने की जरूरत होती है।'

शतरंज ओलंपियाड : तैयारियां जारी, परीक्षण प्रतियोगिता आयोजित

चेन्नई। शतरंज ओलंपियाड का 44वां टूर्नामेंट शुरू होने में अब जब सिर्फ चार दिन बचे हैं तब तैयारियों का जायजा लेने के लिए यहां परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले शहर में आज ओलंपियाड की विशेष दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें कुछ हजार लोगों ने हिस्सा लिया। एमए सुब्रमण्यम, टीएम अनबरासन और पीके शेखर बाबू जैसे राज्य मंत्री भी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद थे।

विभिन्न आयु वर्ग में हुई प्रतियोगिता में एक हजार 414 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने दावा किया कि 1414 खिलाड़ियों के साथ परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन करके नोबल बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने का प्रयास किया गया। शतरंज ओलंपियाड का आयोजन पहली बार भारत में हो रहा है जो यहां के समीप मामल्लापुरम में खेला जाएगा। ओलंपियाड में 180 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत ओपन और महिला दोनों वर्ग में अपनी तीन-तीन टीम उतारेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में 28 जुलाई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। मुकाबले 29 जुलाई से खेले जाएंगे जो 10 अगस्त तक चलेंगे। ओलंपियाड को सफल बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री स्टालिन स्वयं इंतजामों का जायजा ले रहे हैं और तैयारियों के निरीक्षण के लिए आयोजन स्थल का दौरा कर रहे हैं।

शतरंज ओलंपियाड शुरू होने में चार दिन बाकी, परीक्षण प्रतियोगिता में 1414 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

नई दिल्ली। शतरंज ओलंपियाड का 44वां टूर्नामेंट शुरू होने में अब जब सिर्फ चार दिन बचे हैं तब तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को चेन्नई में परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले शहर में ओलंपियाड की विशेष दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें कई हजार लोगों ने हिस्सा लिया। एमए सुब्रमण्यम, टीएम अनबरासन और पीके शेखर बाबू जैसे राज्य मंत्री भी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद थे। विभिन्न आयु वर्ग में हुई प्रतियोगिता में एक हजार 414 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने दावा किया कि 1414 खिलाड़ियों के साथ परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन करके नोबल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने का प्रयास किया गया। शतरंज ओलंपियाड का आयोजन पहली बार भारत में हो रहा है। ओलंपियाड में 180 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत ओपन और महिला दोनों वर्ग में अपनी तीन-तीन टीम उतारेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में 28 जुलाई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। मुकाबले 29 जुलाई से खेले जाएंगे जो 10 अगस्त तक चलेंगे।

दूसरे वनडे में हार के बाद पूनर बोले- अंतिम 6 ओवर में हमने मैच गंवा दिया

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे में हार के साथ वेस्टइंडीज सीरीज से भी हाथ गंवा बैठी है। भारत ने दूसरी वनडे में 2 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजय बढ़त हासिल की। मैच के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान ने कहा हार का कारण बताया और अगला गेम जीतने की उत्सुकता व्यक्त की।

मैच के बाद पूरन ने कहा, निश्चित रूप से अंतिम कुछ ओवरों में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अंतिम 6 ओवर में हमने मैच गंवा दिया। हमें लगा कि एक स्पिनर को हिट करना आसान था। हमें खेल को जीतने करने के लिए सिर्फ एक विकेट की जरूरत थी

लेकिन अक्षर ने वास्तव में अच्छा खेला। उन्होंने कहा, उनका (होप का) 100वें वनडे में शतक असाधारण था। हमने बल्लेबाजी समूह के साथ एक असाधारण काम किया। हमने वास्तव में कड़ी प्रतिस्पर्धा करने की कोशिश की। हम वास्तव में जीतना चाहते हैं।

गौर हो कि वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 312 रन बनाए जिसमें होप की 115 रन की पारी के अलावा पूरन की 77 गेंदों पर 74 रन की सधी हुई पारी भी शामिल थी।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम एक समय पर 79/3 पर संघर्ष कर रही थी, लेकिन अय्यर (63) और सैमसन (54) के बीच 99 रन की साझेदारी ने स्थिरता प्रदान की। अंत में दीपक हुड्डा (33) और अक्षर पटेल (64 *) का योगदान जीत दिलाने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। अब सीरीज का अंतिम मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा।

विंडीज दौरे के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित, केन विलियमसन लौटे

वैलगिंटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने विंडीज दौरे के लिए टीम की घोषणा कर दी है। इसमें केन विलियमसन की बतौर कप्तान वापसी हो गई है। आयरलैंड दौरे से विलियमसन को राहत दी गई थी। टी-20 विश्व कप से ठीक पहले वह विंडीज के खिलाफ तीन टी-20 और तीन वनडे खेलेंगे। टीम में माइकल ब्रेसवेल पर सबकी नजरें होंगी जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

न्यूजीलैंड टी-20 और वनडे टीम बनाम वेस्टइंडीज

विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, बोल्ट, ब्रेसवेल, कॉनवे, लॉकी, गुप्टिल, मैट हेनरी, लैथम, डेरिल मिशेल, नीशम, फिलिप्स, सेंटनर, सोढ़ी, साउथी।

न्यूजीलैंड का विंडीज दौरा

10 अगस्त : पहला टी-20 जमायका में
12 अगस्त : दूसरा टी-20 जमायका में
14 अगस्त :तीसरा टी-20 जमायका में
17 अगस्त : पहला वनडे बारबाडोस में
19 अगस्त :दूसरा वनडे बारबाडोस में
21 अगस्तः तीसरा वनडे बारबाडोस में

टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि टीम वेस्टइंडीज से घर में भिडऩे के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा- वेस्टइंडीज को कैरेबियन में चुनौती देता आसान नहीं होता। यह हमेशा रोमांचक होता है। उन्होंने कहा कि इस साल हम विशेष तौर पर कार्यभार

का प्रबंधन करने में लगे हैं। टीम 2022 में हर महीने क्रिकेट है इसलिए यह जरूरी है। केन, ट्रेंट, टिम और डेवोन पिछले विश्व कप के बाद से पहली बार टी-20 मैच में दिखेंगे। यह यात्रा उनके लिए महत्वपूर्ण होगी।

केविन पीटरसन ने चेल्सी फुटबॉल क्लब से की खास गुजारिश, रोनाल्डो को लेकर कही बड़ी बात

लंदन। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब छोड़ने का विचार कर रहे हैं। मीडिया में इस बात की चर्चा है कि रोनाल्डो के एजेंट नई की तलाश में हैं। 37 साल के इस फुटबॉलर ने इंग्लिश प्रीमियर क्लब के सामने अपनी मंशा भी जाहिर कर दी है। इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान केविन पीटरसन ने उनके लिए एक खास ट्वीट किया है। वह रोनाल्डो को चेल्सी फुटबॉल क्लब में देखना चाहते हैं।

केविन पीटरसन ने रविवार (24 जुलाई) को रोनाल्डो और चेल्सी को टैग करते हुए एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'चेल्सी फुटबॉल क्लब कृपया क्रिस्टियानो रोनाल्डो को साइन कीजिए।' बता दें कि चेल्सी के मैनेजर थॉमस टूकेल ने हाल ही में एक फैन के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि था कि वह इस बारे में (रोनाल्डो को चेल्सी में लाने) नहीं सोच रहे हैं।मीडिया रिपोर्ट के

अनुसार, मैनचेस्टर यूनाइटेड से उन्होंने कहा है कि वह इसी सीजन से पहले क्लब को छोड़ना चाहते हैं क्योंकि वह चैंपियंस लीग में खेलना चाहते हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस बार चैंपियंस लीग में क्वालिफाई नहीं कर सकी है। वहीं, बीते सत्र में भी वह एक भी ट्रॉफी अपने नाम कर सकी। यूनाइटेड की टीम पिछले सीजन में प्रीमियर लीग में छठे स्थान पर रही थी। रोनाल्डो अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं, इसलिए वह चैंपियंस लीग में खेलने से चूकना नहीं चाहते हैं।

कब खत्म हो रहा है अनुबंध

रिपोर्ट के अनुसार, रोनाल्डो को मैनचेस्टर यूनाइटेड से अनुबंध से 30 जून, 2023 को खत्म हो रहा है। साथ ही क्लब के पास विकल्प है कि वह करार को एक साल के लिए बढ़ाकर 30 जून, 2024 कर दे। रेड डेविल्स ने क्रिस्टियानो के साथ दो साल के लिए करार किया था। क्लब के साथ अगले साल जब तक उनका करार समाप्त होगा, तब तक वह 38 साल और चार महीने के हो जाएंगे। ऐसे में वह चैंपियंस लीग के लिए भी उपलब्ध नहीं हो सकते।

क्लब में क्रिस्टियानो का वेतन कितना है

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपने अनुबंध के एक हिस्से के रूप में रोनाल्डो हफ्ते में 466 हजार डॉलर (3 करोड़, 67 लाख रुपये) कमाते हैं। इसका मतलब उनका वार्षिक वेतन 24 मिलियन डॉलर (1 अरब, 89 करोड़ रुपये) है। प्रदर्शन से संबंधित बोनस और वित्तीय समझौते खाते में आते हैं।

चैंपियंस लीग में अधिकतम दागे हैं गोल

रोनाल्डो ने पांच बार चैंपियंस लीग के विजेता रहे हैं। उनका लीग में सर्वाधिक 141 गोल करने का रिकॉर्ड रहा है। उनके पीछे 125 गोल के साथ लियोनल मेसी हैं। साथ ही उन्होंने चैंपियंस लीग में सबसे ज्यादा 144 बार उपस्थित भी रहे हैं।

रोनाल्डो को उम्मीद है कि वह अभी तीन-चार साल और फुटबॉल खेल सकते हैं। ऐसे में मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने के बाद वह बायर्न म्यूनिख या चेल्सी से जुड़ने की बात कही जा रही है। यह भी अफवाह है कि वह अपने पुराने क्लब रियल मैड्रिड में वापस जा सकते हैं, जहां उन्होंने चार बार चैंपियंस लीग का खिताब जितवाया है।

शाई होप 100वें वनडे में शतक लगाने वाले 10वें बल्लेबाज, शिखर धवन और डेविड वॉर्नर के क्लब में शामिल

पोर्ट ऑफ स्पेन। शाई होप ने भारत के खिलाफ त्रिनिदाद में अपना 100वां वनडे मैच खेला। होप ने अपने 100वें वनडे में शानदार शतक लगाया है। यह उनके वनडे करियर का 13वां शतक है। इसके अलावा भारत के खिलाफ तीसरी बार उन्होंने 100 से ज्यादा रन की पारी खेली है। होप 100वें वनडे में शतक लगाने वाले दुनिया के 10वें बल्लेबाज बन गए हैं। वह 100वें वनडे में शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के चौथे बल्लेबाज हैं। 16 साल बाद किसी खिलाड़ी ने विंडीज के लिए ऐसा किया है। पिछली बार रामनरेश सरवन ने 2006 में यह उपलब्धि हासिल की थी। सरवन से पहले विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने 2004 और गॉर्डन ग्रीनिज ने 1988 में 100वें वनडे में शतक लगाया। ग्रीनिज ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज थे।

भारत के खिलाफ चौथी बार हुआ ऐसा

होप शतक लगाकर डेविड वॉर्नर और शिखर धवन के खास क्लब में शामिल हो गए। धवन और वॉर्नर ने भी 100वें वनडे में शतक लगाया है। होप से पहले धवन ने ही ऐसा किया था। भारत के चार बार किसी खिलाड़ी ने अपने 100वें वनडे में शतक लगाया।

शाई होप और पूरन की शानदार बल्लेबाजी

वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 311 रन बनाए। उसने भारत को जीत के लिए 312 रन का लक्ष्य दिया। विंडीज के लिए शाई होप ने 115 रन की पारी खेली। उन्होंने अपने 100वें वनडे में शतक लगाया। वह ऐसा करने वाले वेस्टइंडीज के चौथे और दुनिया के 10वें बल्लेबाज हैं। होप ने 135 गेंद की पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने 74 रन की पारी खेली। कायेल मेयर्स ने 39 और शामराह ब्रूक्स ने 35 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड 15 और अकील हुसैन छह रन बनाकर नाबाद रहे। रोवमन पॉवेल ने 13 रनों का योगदान दिया। ब्रैंडन किंग खाता नहीं खोल सके। भारत के लिए शार्दुल ठाकुर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल को एक-एक सफलता मिली।

एडीबी ने हिमाचल प्रदेश में सुरक्षित पेयजल के लिए 770 करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने हिमाचल प्रदेश में सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता परियोजना के वित्तपोषण के लिए 9.63 करोड़ डॉलर (लगभग 770 करोड़ रुपये) का कर्ज मंजूर किया है। एडीबी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह ऋण हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार और आजीविका परियोजना के तहत

दिया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश की 90 फीसदी से अधिक ग्रामीण आबादी की पेयजल तक पहुंच है लेकिन जलापूर्ति ढांचा पुराना एवं खस्ताहाल है जिससे सेवा की गुणवत्ता खराब रहती है। एडीबी की इस परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 75,800 घरों को इस सेवा से जोड़ा जाएगा और दस जिलों में 370,000 निवासियों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। एडीबी में शहरी विकास एवं दक्षिण एशिया के लिए जल परियोजना प्रशासन में यूनिट प्रमुख जूड कोल्हेस ने कहा कि इस परियोजना में जल आपूर्ति अवसंरचना को बेहतर किया जाएगा तथा संस्थागत क्षमता मजबूत की जाएगी। इस तरह सुरक्षित, टिकाऊ तथा समावेशी ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता सेवा सुनिश्चित की जाएगी।

टेक महिंद्रा का महिंद्रा यूनिवर्सिटी के साथ समझौता ज्ञापन

नई दिल्ली। टेक महिंद्रा और महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने क्वांटम कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मेटावर्स के क्षेत्र में शोध एवं विकास के लिए एक नई मेकर्स लैब बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सक्रिय टेक महिंद्रा के दुनिया भर में पहले से ही 10 मेकर्स लैब हैं। हैदराबाद स्थित महिंद्रा यूनिवर्सिटी में बनने वाली नई प्रयोगशाला उसकी 11वीं मेकर्स लैब होगी। टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी पी गुरनानी ने कहा कि उद्योग इस समय क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर एवं 5जी तकनीक के आने से बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इसकी वजह से डेटा विस्फोट जैसी स्थिति पैदा हो रही है जिसमें मेकर्स लैब की जरूरत बढ़ जाती है। महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति याजुलू मेडूरी ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के जरिये उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश की गई है।इससे यूनिवर्सिटी के शिक्षक एवं छात्र उद्योग की जरूरतों के अनुरूप नए समाधान तैयार करने में मदद देंगे। इस मौके पर टेक महिंद्रा की मेकर्स लैब इकाई के वैश्विक प्रमुख निखिल मल्होत्रा ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में इस समय काफी तीव्र गतिविधियां चल रही हैं और इस साझेदारी से क्वांटन प्रौद्योगिकी की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

ब्रिटेन की संसदीय समिति ने भारत के साथ एफटीए में जल्दबाजी को लेकर किया आगाह

नई दिल्ली। लंदन।ब्रिटेन की एक संसदीय समिति ने शुक्रवार को भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दीपावली तक पूरा करने में दिखाई जा रही जल्दबाजी को लेकर आगाह किया। ब्रिटिश संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स की अंतरराष्ट्रीय समझौता समिति ने 'ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौता के बारे में जारी एक रिपोर्ट में एफटीए को जल्द संपन्न कराने की कोशिश को लेकर यह चेतावनी दी।इस रिपोर्ट में अप्रैल में अपनी भारत यात्रा के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा वार्ता को दिवाली तक पूरा करने की समयसीमा रखे जाने को लेकर सवाल उठाये गए हैं। समिति ने आगाह किया कि समझौते में अहम बातों की बजाय समय की सीमा निर्धारित करके जल्दबाजी करना एक अच्छा सौदा छोड़ने का जोखिम हो सकता है।

आईसीआईसीआई बैंक की पहली तिमाही के नतीजे जारी, मुनाफा 50फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। ICICI Bank Qv Results: आईसीआईसीआई बैंक का स्टैंडअलोन मुनाफा चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 50त्न बढ़कर 6905 करोड़ रुपये हो गया है। नतीजों के अनुसार कंपनी के बैड लोन के आंकड़ों में भी गिरावट दर्ज की गई है। देश में निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने पिछले साल इसी अवधि में 4616 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आमदनी बढ़कर 28,336.74 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आमदनी 24379.27 करोड़ रुपये थी। यह जानकारी आईसीआईसीआई बैंक की ओर से जारी पहली तिमाही के आंकड़ों में दी गई है। आंकड़ों के अनुसार

ब्याज से आईसीआईसीआई बैंक (ICICI Bank) को पहली तिमाही (First Quarter) के दौरान 23671.54 करोड़ रुपये की आमदनी हुई जबकि पिछले वर्ष पहली तिमाही में बैंक को ब्याज से 20383.41 करोड़ रुपये की आय हुई थी।

आईसीआईसीआई बैंक के बैड लोन के आंकड़े लगभग आधे हो जाने से निजी क्षेत्र के बैंक की माली हालत सुधरी है। कंपनी के बैड लोन की जो राशि पिछले साल की पहली तिमाही में 2851.69 करोड़ रुपये थी वह इस साल की पहली तिमाही में घटकर 1143.82 करोड़ रह गई। बैड लोन की राशि कम होने से बैंक को अपना मुनाफा बेहतर करने में मदद मिली है। समेकित आधार पर देखें तो आईसीआईसीआई बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस साल 55 प्रतिशत शुद्ध मुनाफा कमाया है। इस साल बैंक को 7385 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, पिछले साल पहली तिमाही में बैंक को महज 4616 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

Yes Bank ने मचाया धमाल, जून तिमाही में 50फीसदी बढ़ा मुनाफा, एनपीए घटा

नई दिल्ली। फंसे कर्जों में कमी आने और आय बढ़ने से निजी क्षेत्र के यस बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध

लाभ 207 करोड़ रुपये रहा था। अप्रैल-जून 2022 की तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 5,916 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,394 करोड़ रुपये रही थी। बैंक के लाभ में बढ़ोतरी की बड़ी वजह फंसे कर्जों के अनुपात में आई गिरावट रही है। उसके सकल ऋण में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का अनुपात घटकर 13.45 प्रतिशत पर आ गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह अनुपात 15.60 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध एनपीए यानी फंसे कर्जों का अनुपात भी 5.78 प्रतिशत से घटकर 4.17 प्रतिशत पर आ गया। फंसे कर्जों एवं अन्य आकस्मिक खर्चों के लिए वित्तीय प्रावधान की जरूरत भी आलोच्य तिमाही में घटकर 175 करोड़ रुपये रह गई जो अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में 457 करोड़ रुपये रही थी। यस बैंक ने कहा कि उसके वैकल्पिक बोर्ड के गठन के साथ पुनर्गठन योजना भी गत 15 जुलाई से अमल में आ गई है।

हालांकि इसे अभी शेयरधारकों की मंजूरी मिलनी बाकी है। बैंक के मुताबिक, नए बोर्ड ने प्रशांत कुमार को नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर तीन साल के लिए नियुक्त करने की अनुशंसा की है। इसके अलावा बैंक ने करीब 48,000 करोड़ रुपये की तनावग्रस्त परिसंपत्तियों की बिक्री के मकसद से जेसी फ्लॉवर्स के साथ मिलकर एक परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी बनाने के लिए बाध्यकारी समझौता किए जाने की जानकारी भी शेयर बाजारों को दी है।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आ रही गिरावट, RBI गवर्नर ने दिया बड़ा बयान

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कमजोर रुपये को सहारा देने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के इस्तेमाल का पुख्ता संकेत देते हुए कहा कि बारिश के समय इस्तेमाल करने के लिए ही छाता खरीदा जाता है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आ रही गिरावट के बीच उन्होंने यह बात कही। दास ने कहा कि मुद्रा बाजार के अचानक एवं अस्थिर उठापटक के दौरान आरबीआई ने यह सुनिश्चित किया है कि विदेशी मुद्रा बाजार एक टिकाऊ ढंग से काम करे और उसे लेकर अपेक्षाएं भी धरातल पर रहें। उन्होंने कहा कि आरबीआई की विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप बना रहेगा ताकि रुपया अपनी बुनियादी स्थिति के मुताबिक स्तर हासिल कर सके। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत इस साल 7.5 प्रतिशत तक टूट चुकी है। इसने इसी हफ्ते पहली बार 80 रुपये का स्तर भी पार कर लिया।आरबीआई गवर्नर ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो की निकासी और आयात जरूरतों से



बाजार में डॉलर की आपूर्ति कम हो जाने से केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति बाजार में बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा की नकदी को समुचित स्तर पर रखने के लिए आरबीआई मुद्रा बाजार में डॉलर की आपूर्ति करता रहा है। उन्होंने कहा, आखिर विदेशी पूंजी की आवक तेज रहते समय हमने जो विदेशी मुद्रा भंडार खड़ा किया था, उसका यही मकसद है। मैं कहना चाहता हूं कि आप छाता इसीलिए खरीदते हैं कि बारिश होने पर उसका इस्तेमाल किया जा सके।डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट को थामने के लिए आरबीआई ने बड़े पैमाने पर विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया है। गत आठ जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.062 अरब डॉलर कम होकर 580.252 अरब डॉलर रह गया था। दास ने कहा, रुपये के एक खास स्तर तक बने रहने के बारे में आरबीआई ने कोई धारणा नहीं तय की हुई है। लेकिन हम इसका व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना चाहेंगे और हम इसमें तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे।

उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि के बावजूद ट्विटर की आय में गिरावट

लंदन। उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि के बावजूद ट्विटर की आय में अप्रैल-जून 2022 तिमाही में दौरान गिरावट आई है।ट्विटर के अप्रैल-जून तिमाही की आय के आंकड़ों में उद्योगपति एलन मस्क के साथ एक महीने की लंबी बातचीत के दौरान प्रदर्शन की समीक्षा की गई है। यह आंकड़ा उद्योग विश्लेषकों के अनुमान से भी खराब है। फैक्टसेट के सर्वेक्षण के अनुसार सोशल मीडिया कंपनी को अप्रैल-जून, 2022 तिमाही में 27 करोड़ डॉलर या प्रति शेयर आठ प्रतिशत का नुकसान हुआ है। जबकि 'वाल स्ट्रीट' को कंपनी के शेयर में 14 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद थी। मुद्रास्फीति ने विज्ञापन खर्च को कम कर दिया है और इसका ट्विटर के तिमाही राजस्व पर भारी प्रभाव पड़ा। इससे कंपनी की आय एक प्रतिशत घटकर 1.18 अरब डॉलर हो गई। वहीं, कंपनी के दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 23.78 करोड़ हो गई है।

हवाई यात्रा के दौरान चाय में डुबोकर Parle-G खाते दिखे इंडिगो एमडी, लोगों ने सादगी को सराहा

मुंबई। देश के अरबपति और करोड़पति एक अलग ही दुनिया में जीते हैं। उनके जीवन में क्या चल रहा है इस बारे में आम लोगों को कभी-कभी सोशल मीडिया के माध्यम से पता चल पाता है। हालांकि, देश के कुछ दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा और मुकेश अंबानी जैसे लोग अपनी साधारण जीवनशैली के कारण भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनते हैं।

इस बार देश की जानीमानी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया सोशल मीडिया की सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल, एक हवाई यात्रा के दौरान इंडिगो के एमडी राहुल भाटिया किसी सामान्य व्यक्ति की भांति चाय में पारले जी बिस्किट डुबोकर खाते हुए दिखे। भाटिया की यह तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

बताया जा रहा है कि यह वायरल तस्वीर इंडिगो एयरलाइन के प्रमोटर और एमडी राहुल

भाटिया की बेंगलुरु से दिल्ली के बीच एक उड़ान के दौरान की है। इस तस्वीर में वे चाय में पारले जी बिस्किट डुबोकर खाते दिख रहे हैं। राहुल भाटिया के सादगी की यह तस्वीर सामने आने के बाद लोग सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। कई ट्विटर यूजर्स ने उनकी यह तस्वीर अपने ट्विटर हैंडल से शेयर कर राहुल भाटिया की सादगी की तारीफ की है। वाईपी राजेश नाम के एक ट्विटर यूजर ने राहुल भाटिया की यह तस्वीर ट्वीट करते हुए लिखा, 'इंडिगो की बेंगलुरु-दिल्ली उड़ान के दौरान मेरे सहयात्री अरबपति राहुल भाटिया जो इंडिगो एयरलाइन के प्रमोटर और एमडी हैं, चाय में डुबोकर पारले-जी बिस्किट का आनंद लेते हुए। यह दिखाता है कि 57फीसदी मार्केट शेयर के साथ एक सफल एयरलाइन कंपनी चलाने के लिए आपको रिचर्ड ब्रेंनसन या विजय माल्या होने की जरूरत नहीं है।'

नेपाल की जमीन पर कब्जे के बाद सीमा पर बाड़ लगा रहा चीन

काठमांडू। नेपाल की जमीन पर कब्जा करने के बाद चीन ने अब नेपाल से लगती सीमा पर बिना किसी सलाह के ही बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। नेपाल के गोरखा जिले के दाशगज्जा इलाके में सीमा पर चीन बाड़ लगा रहा है। चीन ने इसके साथ ही नेपाली लोगों के सीमा पार आने-जाने पर एकतरफा प्रतिबंध लगा दिया है।

इससे पहले चीन ने नेपाल के हुमला जिले की जमीन पर कब्जा कर सैन्य चौकी स्थापित कर ली है। चीन का दावा है कि नेपाल उसका मित्र देश

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने नेपाल के हुमला में सीमा पर लगे पिलर के बाहर जाकर घरों का निर्माण किया है जो नेपाल के इलाके में आता है। सीमा पर एकतरफा बाड़ लगाने की खबरों के आने के बाद अब नेपाल के सरकारी प्रवक्ता ने कहा है कि दोनों देशों ने 1414 किमी लंबी सीमा की संयुक्त जांच करने का फैसला किया है। चीन और नेपाल दोनों ही एक संयुक्त दल को तैनात करेंगे। यह दल सीमा पर लगे पिलर की जांच करेंगे।

तिमाही नतीजों से गदगद हुई ये कंपनी, 800फीसदी डिविडेंड देने का किया फैसला; रिटर्न के मामले में भी रही है अव्वल

नई दिल्ली। कंपनियों के तिमाही नतीजे सामने आ रहे हैं। एक तरफ जहां इसे देखकर निवेशक आगे की रणनीति बना रहे हैं तो वहीं कंपनियां भी इस आधार पर डिविडेंड देने का फैसला कर रही हैं। फाइनेंस सेक्टर की कंपनी CRISIL लिमिटेड के शेयरों ने इस साल 14.05फीसदी का रिटर्न दिया है। अब कंपनी की तिमाही नतीजों ने मैनेजमेंट के साथ-साथ इंवेस्टर्स को भी गदगद कर दिया है। इस साल की दूसरी तिमाही में मुनाफा कमाने के बाद CRISIL के योग्य शेयरधारकों को बोर्ड ने 800फीसदी डिविडेंड देने का फैसला किया है।

कंपनी ने पहली तिमाही में कमाया कितना मुनाफा?

कंपनी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल दूसरी तिमाही में पिछले साल इसी तिमाही की तुलना 26.5फीसदी अधिक आमदनी हुई है। 30 जून

को समाप्त हुई तिमाही में कंपनी ने 668.5 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। पिछले साल इस तिमाही की तुलना में इस बार टैक्स देने के बाद मुनाफा 35.8फीसदी बढ़कर 136.9 करोड़ रुपये रहा है। CRISIL ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया, 'कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 8 रुपये का डिविडेंड एक रुपये के अंकित मूल्य पर देने का फैसला किया है। यह भुगतान 18 अगस्त 2022 को किया जाएगा।'

कैसा है इस शेयर का प्रदर्शन?

बीते एक महीने की बात करें तो कंपनी के शेयरों ने ह्रस्व में 3.08फीसदी का रिटर्न दिया। बीते 6 महीने की बात करें तो CRISIL ने निवेशकों को 18.16फीसदी का रिटर्न दिया है। इस दौरान कंपनी के शेयर का भाव 2779.5 रुपये से बढ़कर 3284.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। जबकि साल 2022 में अब तक इस स्टॉक ने निवेशकों 14.05फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले एक साल के दौरान जभ स्टॉक मार्केट अनिश्चितता के बादल छाए हुए थे तब भी इस शेयर ने निवेशकों को निराश नहीं किया। इस दौरान इस शेयर ने इंवेस्टर्स को 8.77फीसदी का रिटर्न दिया है।

यूनान के जंगलों में आग हुई विकराल

एथेंस। यूनान के लेस्बोस द्वीप और उत्तर-पूर्व स्थित ददिया-लेफ्किमी-सूफली वन राष्ट्रीय उद्यान में आग लगने से स्थिति विकराल हो गई है। प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस शनिवार रात स्थिति का जायजा लेने पहुंचे।

लेस्बोस में शनिवार सुबह आग लगी और यह वेटेरा के रिसॉर्ट शहर में पहुंच गई। इस कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने पर मजबूर होना पड़ा।

राष्ट्रीय और यूरोपीय महत्व के संरक्षित क्षेत्र, ददिया-लेफ्किमी-सूफली वन राष्ट्रीय उद्यान में आग गुरुवार दोपहर लगी। यह आग इतना विकराल रूप धारण कर चुकी है कि 300 से अधिक दमकल कर्मचारी और 68 वाहन इसे बुझाने के लिए जूझ रहे हैं। अधिकारियों ने कहा है कि यूनान में पिछले 24 घंटों में 50 से अधिक जंगलों में आग लग चुकी है।

ल्लेखनीय है कि पिछले साल ग्रीस में जंगल में लगी आग ने ईविया द्वीप को आगोश में ले लिया था। आग की विभीषिका में द्वीप के कई हिस्से नष्ट हो गए थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

भारत की जासूसी करने श्रीलंका आ रहा चीन का यूआन वांग-5 जहाज

कोलंबो। चीन का शक्तिशाली जहाज यूआन वांग-5 श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर 11 अगस्त से लंगर डालेगा। आर्थिक बदहाली से गुजर रहे श्रीलंका ने इसे ड्रैगन को 99 साल की लीज पर दे दिया है। जानकारों के अनुसार चीन का वैज्ञानिक शोध वाला जहाज शोध की बजाय भारत की जासूसी के लिए लाया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन का यूआन वांग-5 11 अगस्त से हंबनटोटा बंदरगाह पर लंगर डालेगा, जो एक सप्ताह तक अरब सागर में रहेगा। चीनी जासूसी जहाज के आने की खबर से भारत और अमेरिका की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह चीनी जहाज सैटलाइट को कंट्रोल कर सकता है, अगस्त और सितंबर के दौरान यह जहाज हिंद महासागर के पश्चिमोत्तर में समुद्र के अंदर शोध कार्य करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक हाल के दिनों में हिंद महासागर में चीनी नौसैनिक जहाजों और सबमरीन की आमद काफी बढ़ गई है। चीन का दावा है कि वह समुद्री तस्करों से निपटने के लिए अपने युद्धपोतों के दौरों को बढ़ा रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के शोध के नाम पर चीन हिंद महासागर में अपनी पनडुब्बियों के लिए रास्ता तलाश करता है। इसके अलावा चीन की नजर हिंद महासागर में छिपे प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल और गैस पर भी है। चीन प्रशांत महासागर से लेकर हिंद महासागर तक शोध के नाम पर जासूसी करता रहता है। चीन की सेना के मुताबिक तीसरी पीढ़ी का यह जहाज स्पेस क्राफ्ट की निगरानी करने में सक्षम है। चीन ने इसी जहाज की मदद से अपने अंतरिक्ष स्टेशन शेनझोऊ, चंद्रमा पर भेजे गए प्रोब, मंगल ग्रह के प्रोब और बाइदू सैटलाइट की लॉन्चिंग की सफलतापूर्वक निगरानी की थी।